कक्षा 4



उड़ान

अध्यापक मार्गदर्शिका



सन्देश



मुझे यह जानकर अति हर्ष हो रहा है कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा, गुरुग्राम के द्वारा हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक शिक्षण हेतु सतप्रयास किया गया है। विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य हैं अतः उनके आंतरिक एवं बौद्धिक गुणों को विकसित एवं समृद्ध करने के लिए सीखने की प्रक्रिया में रह गई त्रुटियों, न्यूनताओं एवं कमियों को दूर करने के लिए यह परमावश्यक कार्य था। वस्तुतः वही देश और राष्ट्र शिखरस्पर्शी सफलताएं प्राप्त कर सकता है जो सीखने और सिखाने के क्षेत्रों में निरंतर नवीन निदानात्मक प्रयोग करेगा। मैं इस प्रयास से देश के भावी समाज की कल्पना को सरकार होते हुए देख रहा हूँ। अतः मैं इस परियोजना के समस्त निर्माताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।

कंवर पाल गुज्जर

शिक्षा मंत्री

हरियाणा सरकार

सन्देश

देश एवं प्रदेश में फैली हुई इस विषम परिस्थिति में अपने देश की आगामी धरोहर रूपी प्रतिभाशाली छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपको इस पुस्तक के माध्यम से यह संदेश देना चाहता हूँ कि निसन्देह शिक्षक, विद्यालय में पूर्ण एवं प्रत्यक्ष रूप से बच्चों से रूबरू नहीं हो पाए हैं जिसके कारण छात्रों की अपेक्षित दक्षता में कुछ कमी आई है। मुझे आप पर पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी सूझ–बूझ से अपने विषय को सरल और सुगम तरीकों से कार्यपत्रकों एवं क्रियाकलापों के माध्यम से पाठ्यपुस्तक में छपी हुई दक्षताओं से बच्चों को सक्षम करने में समर्थ हो जाएंगे। यह भी हो सकता है कि बच्चे अपनी कक्षा के स्तरानुसार उस ऊँचाई तक नहीं पहुँचे हों फिर भी आप पूर्व की कक्षाओं पर आधारित दक्षताओं द्वारा बच्चों को अपनी सुदृढ़ शिक्षण सामग्री से लाभान्वित करने में सफल हो जाएँगे। परिणामस्वरूप बच्चे भी अपनी वर्तमान कक्षा के स्तर के अनुरूप अपनी योग्यता को प्राप्त करने में सफल हो जाएंगे।

पुस्तक में बच्चों को समूह में चर्चा करने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए हैं ताकि बच्चे हम उम्र साथियों के साथ कार्य करते हुए सीख सकें और अपनी बात को व्यक्त कर पाएंगे तथा सीखने–सिखाने की प्रक्रिया के भागीदार बन सकेंगे। पुस्तक में कार्य करते समय बच्चों को बात करने परस्पर विचार विमर्श करने तथा विषयवस्तु को समझने के पर्याप्त अवसर प्रदान करें तथा उन्हें अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

(डॉ. महावीर सिंह, भा.प्र.से.)

आमुख

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के दृष्टिगत विद्यालय स्तर पर बच्चों की कक्षा के स्तरानुसार सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को सुदृढ़ व समृद्ध बनाना है। प्रायः यह भी देखने में आया है कि गत वर्षों में वैश्विक महामारी के प्रकोप के कारण बच्चों का नियमित कक्षा शिक्षण अत्यंत बाधित रहा है। अधिकांश बच्चे वर्तमान कक्षा स्तर से पिछड़ गए हैं। बच्चे कक्षा के अनुरूप दक्षताएँ अर्जित करने में असमर्थ रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनके लिए उपचारी शिक्षण की आवश्यकता है। अतः विभाग के निर्देशानुसार एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरुग्राम ने कक्षावार व विषयवार विद्यार्थियों के लिए कार्य–पुस्तिका एवं शिक्षक–संदर्शिका का निर्माण किया है। विद्यार्थियों के लिए जो कार्यपत्रक तैयार किए है एवं गतिविधियां सम्मिलित की गई हैं, वे कक्षा के स्तरानुसार सरल, रोचक, परिवेश पर आधारित एवं ज्ञानपरक हैं। कार्यपत्रक में दी गई विषयवस्तु बच्चों को न केवल कक्षा–कक्ष के अनुरूप लाने में सहायक सिद्ध होगी, अपितु उन्हें परिवेश पर आधारित जानकारी हेतु परिवार, समाज, बाल–साहित्य, समाचार–पत्र, पुस्तकालय आदि से भी जुड़ने का अवसर प्रदान करेंगी।

कक्षावार व विषयवार शिक्षक–संदर्शिका अध्यापकों के लिए इस उद्देश्य से तैयार की गई है कि विद्यार्थियों को कार्यपत्रक में वर्णित गतिविधियाँ कराने हेतु दिशा–निर्देश समझकर अपना कार्य निसंकोच कर सकें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शिक्षक साथी इस कार्य को रुचिपूर्वक व तन्मयता के साथ करेंगे तथा बच्चों के शिक्षण अभाव की पूर्ति करते हुए उन्हें वर्तमान कक्षा–स्तर के समकक्ष लाने में समर्थ होंगे। मैं सभी निर्माण–समिति के सदस्यों एवं शिक्षक साथियों द्वारा इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

निदेशालय उन सभी सुझावों का भी स्वागत करेगा जो कार्यपत्रक के स्वरूप को विस्तार देने और निखारने में सहायक होंगे।

(डॉ. जे. गणेशन, भा.प्र.से.)
राज्य परियोजना निदेशक

प्राक्कथन

सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में शिक्षक, शिक्षार्थी तथा कक्षा वातावरण की विशेष भूमिका होती है। एक शिक्षक ही शिक्षार्थी का भविष्य निर्माता होता है। भविष्य की नींव कक्षा–कक्ष में निर्मित की जाती है। किसी भी राष्ट्र की सुदृढ़ नींव के लिए जरूरी है कि प्राथमिक स्तर से ही शिक्षण प्रक्रिया को सरल, सुगम, रोचक एवं प्रभावी बनाया जाए। इसी स्तर पर बच्चे की सीखने की प्रक्रिया का प्रारंभ होता है। सीखना व सीखे गए ज्ञान को अर्जित करना, अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में कब, कहाँ और कैसे क्रियान्वित करना है यह सब सिखाना जहाँ सामान्य परिस्थितियों में शिक्षक के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, वहीं पर गत दो वर्षों के दौरान कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने बच्चों की दिनचर्या को एकदम ही बदल दिया है। ऐसी स्थिति में बच्चों को पढ़ाना शिक्षकों के लिए और भी चुना. ैतीपूर्ण हो गया है। विद्यालय न आ पाने के कारण, उन्हें जो याद था, वह भी धीरे–धीरे विस्मृत होने लगा है। बच्चों की अधिगम क्षमता भी क्षीण होने लगी है, हालांकि विभाग द्वारा अनेकों ऑनलाइन कार्यक्रम चलाए गए हैं, तथापि कुछ बच्चे औसत से भी कम स्तर पर पहुँच गए हैं। इस अभाव की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा इस दिशा में प्रोजेक्ट 'उड़ान' के अन्तर्गत कक्षा 4 से 8 तक विषयवार कार्यपत्रक तैयार करने का प्रयास किया गया है, जिसमें अधिगम दक्षताओं को आधार मानकर ऐसी अनेकानेक गतिविधियाँ तैयार की गई हैं जिन्हें करने के उपरांत विद्यार्थियों का अधिगम संवर्धन करने के साथ–साथ उन्हें कक्षा के समकक्ष लाने में भी सफलता मिलेगी। कार्यपत्रक बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि सभी बच्चे रुचिपूर्वक स्वयं कार्य करें। सभी की सक्रिय प्रतिभागिता हो ताकि उनमें रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास हो तथा परिवेश से जुड़ाव अनुभव करते हुए वे स्वतंत्र अभिव्यक्ति करने में समर्थ हों सके। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षावार व विषयवार शिक्षक संदर्शिका का भी निर्माण किया गया है, जिसमें कार्यपत्रक के सुझावों के अनुसार गतिविधियों को करने हेतु शिक्षक के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं।

इस कार्यक्रम की सफलता का दायित्व आप सभी शिक्षकों पर निर्भर है, शिक्षक कक्षा–कक्ष में ऐसा वातावरण निर्मित करें जिसमें बच्चे स्वच्छता के साथ संजोए गए कल्पना रूपी सपनों को साकार करने के लिए ऊँची उड़ान भरने योग्य बन सकें।

उक्त पुस्तिकाओं के निर्माण हेतु सभी प्रतिभागी सदस्यों व शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों का भी मैं सदैव स्वागत करता हूँ।

(अंशज सिंह, भा.प्र.से.)
निदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा

आभार

कोविड वैश्विक विपदा के दौरान विद्यार्थियों की शिक्षा में जो बाधाएँ उत्पन्न हुई है, उस कमी को पूरा करने के लिए परिषद् के विशेषज्ञों ने अध्यापकों एवं छात्रों के साथ बात करके शिक्षा में गुणवत्ता हेतु एवं विद्यार्थियों की सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने के लिए छात्रों हेतु कार्यपुस्तिका एवं शिक्षकों के लिए संदर्शिका का बच्चों के स्तरानुसार निर्माण किया गया है। इस शिक्षण सामग्री की गतिविधियों, तुलनात्मक विश्लेषण, चर्चा, मनोरंजक उदाहरणों, सरल विधियों एवं अनुभवों के आधार पर तैयार किया गया है।

इस कार्यपुस्तिका एवं संदर्शिका के निर्माण में सम्मिलित व्यक्तियों एवं संस्थ. ाओं के बहुमूल्य योगदान के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् हरियाणा, गुरुग्राम आभार व्यक्त करता है।

परिषद् इस संदर्शिका की परिकल्पना को साकार करने एवं आपके हाथों तक पहुँचाने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों के अथक प्रयासों की सराहना करती है।

इस संदर्शिका के पुनरावलोकन एवं तकनीकी सहयोग में परिषद्, एन.सी.ई.आर.टी. के विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करती है, इन्होंने अपने अथक प्रयासों से समयानुसार अपने अनुभवों से लाभान्वित किया है।

परिषद् के इस प्रोत्साहन हेतु सम्पूर्ण स्कूल शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार के नेतृत्व का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

इस कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में मौलिक शिक्षा विभाग एवं शिक्षा परियोजना, पंचकूला की पहल व परामर्श एवं सक्रिय भूमिका के लिए परिषद् उनका धन्यवाद करती है।

इस संदर्शिका के प्रकाशन के लिए परिषद् शिक्षा विभाग हरियाणा के योगदान के लिए आभार ज्ञापित करती है।

विवेक कालिया
निदेशक
रा.शै.अनु.प्रशि.परि.
हरियाणा, गुड़गाँव

निर्माण समिति

संरक्षक मंडल	डॉ. महावीर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, विद्यालय शिक्षा, हरियाणा, चण्डीगढ़। डॉ. जे.गणेशन, राज्य परियोजना निदेशक, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् डॉ. अशंज सिंह, निदेशक, मौलिक शिक्षा, हरियाणा।
मार्गदर्शन	श्री विवेक कालिया, निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरूग्राम
मुख्य समन्वयक समिति	श्री रविन्द्र कुमार अहलावादी, उपनिदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरूग्राम श्री सुनील बजाज, उपनिदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरूग्राम डॉ. दीप्ति बोकन, अध्यक्ष, करीकुलम एवं पेडागॉजी विभाग, एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा, गुरूग्राम श्रीमती कल्पना रश्मि गौड़, सलाहकार, पेडागॉजी विभाग, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद्
मुख्य सलाहकार	प्रो. मंजु जैन, सेवानिवृत्त अध्यक्ष, प्रांरभिक शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली डॉ. अनूप कुमार राजपूत, प्रो. एवं अध्यक्ष, प्रकाशन विभाग, एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली डॉ. रमेश कुमार, सह आचार्य, प्रांरभिक शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली डॉ. आर.मेघनाशन, प्रोफ़ेसर, एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
विषय विशेषज्ञ एवं समन्वयक समिति	श्रीमती पूनम यादव (परिवेश अध्ययन) श्रीमती राजेश यादव (हिन्दी) श्री नंद किशोर वर्मा (गणित) डॉ. विजेन्द्र गौड़ (अंग्रेजी) श्रीमती रूबी सेठी (परिवेश अध्ययन)
हिन्दी	श्री महेन्द्र सिंह सागर, जे.बी.टी. रा.प्रा.पा. बुधसेली, भिवानी, श्री वेदप्रकाश, जे.बी.टी. रा.मॉडल संस्कृति प्रा. पा. फरीदाबाद, श्रीमती दलवन्ती, जे.बी.टी. रा.प्रा.पा. भदानी, झज्जर, श्रीमती कौशल यादव, जे.बी.टी. रा.क.प्रा.पा. पटौदी, गुरूग्राम, श्रीमती अलका यादव, जे.बी.टी. रा.मॉडल संस्कृति प्रा.पा. सैक्टर–20, पंचकूला
अंग्रेजी	श्रीमती सोना यादव, प्राध्यापिका, डाईट गुरुग्राम श्रीमती किरण परुथी, अध्यापिका, रा.उ.वि. पलड़ा, गुरुग्राम श्रीमती योगिता विरमानी, अध्यापिका, रा.क.व.मा.वि. बादशाहपुर
गणित	श्रीमती सरोज बाला, मुख्य शिक्षिका, रा.मॉ.सं.प्रा.वि. न्यू कॉलोनी गुरूग्राम श्रीमती भावना खुराना गाबा, प्राथमिक शिक्षिका, रा.प्रा.पा.काकौत, कैथल, हरियाणा श्रीमती निधि वर्मा, प्राथमिक शिक्षिका, रा.क.प्रा.पा जाखौद खेड़ा, हिसार श्री संजीव कुमार, प्राथमिक शिक्षक, रा.मॉ.सं.प्रा.वि., मानकपुर–II खण्ड छछरौली, यमुनानगर
परिवेश अध्ययन	श्रीमती मोनिका दहिया, ए.बी.आर.सी., खंड सोनीपत, सोनीपत श्रीमती अंजलि चहल, बी.आर.पी., बरवाला पंचकूला श्री मुकेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक, राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला बवानीखेड़ा, भिवानी श्री सन्दीप शोकल, प्राथमिक शिक्षक, रा.प्रा.पा, डेरा प्रताप सिंह, कैथल श्रीमती पूनम शर्मा प्राथमिक शिक्षिका, रा.मॉ.सं.क.प्रा.वि, सरहौल, गुरूग्राम

विषय-सूची

ENGLISH **1-8**

- Student Practice Material

हिन्दी **9-16**

- पाठ 1 : जादूगर यह कौन
- पाठ 2 : टपका
- पाठ 3 : छोटी बातें, बड़े काम की

गणित **17-27**

- पाठ 1 : डिजाइन ही डिजाइन
- पाठ 2 : कसरत अंकों की
- पाठ 3 : प्रातः और सायं

परिवेश अध्ययन **28-38**

- पाठ 1 : परिवार – कल और आज
- पाठ 2 : नेहा का जन्मदिन
- पाठ 3 : मस्ती की रेल, मेरे ये खेल
- पाठ 4 : बड़े मददगार, हमारे कामगार

WORKSHEET - 1 Code : ENG 305

- The teacher will remind the students that 'instructions' are fun.
- The teacher will refer to worksheet to do the activities again for simple instructions.
- The teacher will tell the students that she/ he will give the students some instructions one after the other and the students will draw what she/ he says.
- The teacher will ask the students to get ready with their pencils and colours. The teacher will wait for a minute after giving the instruction before she/ he draws the shapes on the blackboard.
- The teacher will give the following instructions – Draw a square. Next, draw a red circle inside the square. Draw a sun inside the circle. Colour the sun. Draw a circle next to the square. Write a big 'X' inside the circle in blue. Now colour the four parts of the circle in yellow, red, brown, and pink.

WORKSHEET - 2 Code : ENG 211

Vocabulary using a picture

- The lesson is about using a picture to develop vocabulary and writing skills.
- The teacher will introduce the picture to the class and engage the students in discussion.
- The teacher will ask the students to identify the main theme of the picture.
- The teacher will divide the students into pairs.
- Each pair will see the picture and write the things they see in the picture.
- The teacher will write the words on the blackboard and the students will correct their spellings etc. (if needed).
- The teacher will encourage the students to observe carefully and write a maximum number of words. She/he can ask the students to name objects, people and actions.
- Teacher will ask students what they saw in the picture then he/she writes the words on the black board what students tell to him/her after that teacher asks students to make sentences one by one.
- The teacher will give the following instructions – Draw a square. Next, draw a red circle inside the square. Draw a sun inside the circle. Colour the sun. Draw a circle next to the square. Write a big 'X' inside the circle in blue. Now colour the four parts of the circle in yellow, red, brown, and pink.

More suggested activities:

- Teacher can show more pictures like this and can repeat the same activity.
- Teacher can ask students about different objects in the classroom and can repeat the same activity

WORKSHEET - 3

- Teacher will ask the students the name of different images shown in the book and ask them to fill blank space.
- Teacher can show some more images to the students and ask the spellings and names.

WORKSHEET - 4 Code : ENG 211

- Teacher will tell students where is this or that used. i.e. This = here and that = there.
- Teacher will ask students to make sentences according their respective images.
- Teacher can make such kind of activities using these and those.

WORKSHEET - 5 Code : ENG 312

Grammar naming words

- The teacher will ask the students to open Worksheet.
- The teacher will ask the students to share some words they wrote in the worksheet.
- The teacher will explain that the students found people (girl, mother), places (ground), and things (ice-cream) in the picture. The teacher will write these words on the blackboard.
- The teacher will tell the students that all the words they have said and the teacher has written down like girl, market, etc. are called nouns (संज्ञा). Nouns are the names of different things. These can be names of people, animals, places, or things.
- The teacher will ask the students to open Worksheet.
- The teacher will ask the students to form pairs and discuss all the people, places, animals, and things that the students see.
- The teacher will write the words that the students share on the blackboard. Expected answers – boy, girl, tree, woman, goat, monkey, bench, window, kite, etc.
- The teacher will ask the students to write seven nouns from the picture in Worksheet.
- The teacher will end the lesson by asking the students 'what are nouns' and asking for examples of nouns from their classroom.

WORKSHEET - 6 Code : ENG 312

Pronouns

- The teacher will instruct two students to ask the following questions to each other – 'What is your name?', 'What is your age?', 'Where do you live?', and 'What do you like to play?'. While the students are discussing, the teacher will write the sentences shown below on the blackboard. The teacher will ask the students to share details about their friend in the following format:
- ..... (name) is a girl/boy.
- ..... (name) is ..... years old.
- .....(name) is studying in class 4.
- .....(name) likes to play .....
- ..... (name) likes to study English.
- The teacher will tell the students that we use pronouns in place of nouns, to avoid repetition. The teacher will give the following example:
- ..... is a girl/boy. She/he is studying in class 4.
- The teacher will write some sentences on the blackboard and underline the pronouns.
- The teacher will tell the rules for gender-specific pronouns to the students.
- The teacher will write some sentences on the blackboard and ask the students to rewrite them using pronouns.
- The teacher will ask the students to complete Worksheets.

WORKSHEET - 7 Code : ENG 312

- Teacher will write some sentences on the blackboard and explain about noun and pronoun. Then he/she asks student to underline the noun and circle the pronoun in the given sentences.
- Teacher can ask students the name of object in their bag, classroom or name of family member's name to explain noun.

WORKSHEET - 8 Code : ENG 312

- The teacher will ask the students what they are doing right now. (Expected answers—sitting, writing, studying, talking).
- The teacher will walk, sit, stand, write, and do other actions and keep asking 'what am I doing?'
- The teacher will introduce the term – action words, to the students.
- The teacher will tell the students that these words tell us about the action that is taking place.
- The teacher will get the whole class to perform some actions, e.g.—stand, sit, turn, jump, smile, clap, snap etc.

- The teacher will write some words on the blackboard—run, jump, sun, fly, basket, play, Meena, laugh, and village.
- Ask the students to form pairs and share which of the words on the blackboard are action words.
- Next, the teacher will ask the student pairs to see the picture in Worksheet.
- The teacher will support the students to identify the different actions that they can see in the picture.

  Examples – run/ running, hiding, jumping, playing, swimming, flowing, etc.
- The teacher will tell the students the meaning of each of these action words.
- The teacher will ask the students to complete Worksheet.
- The teacher will end the lesson by revising verbs and giving some examples of verbs.

WORKSHEET - 9 Code : ENG312

- The teacher will draw a big and a small line on the blackboard.
- The teacher will ask the students if the two lines are different then what is the difference. Expected answer: one line is bigger than the other.
- Next, the teacher will draw a big and small circle and ask the same questions.
- The teacher will write the words long line, short line, big circle and small circle on the blackboard.
- The teacher will ask for two student volunteers (children who have difference in their height, or length of hair). Ask the others to look at them share the difference, e.g. tall ..... and short .....
- Next, the teacher will revise nouns.
- The teacher will introduce the term adjective/describing words using the examples discussed- big, small, long, short, tall etc.
- The teacher will then take any object from the classroom and ask the students to describe it. e.g., a bottle—long, colour, shape, material, quality, etc.
- Adjectives describe nouns by giving some information about an object's size, shape, age, colour, origin or material, e.g. a chair can be big, plastic, brown, square, etc.
- The teacher will form students pairs.
- The teacher will give one noun from the list to each pair. List- boy, girl, door, window, book, bag, bottle, pencil, bench, shoes, etc.
- The teacher will ask the students to write describing words for that noun.
- Ask the students to share their adjectives and write all the adjectives on the blackboard.
- The teacher will ask the students to complete Worksheets.
- The teacher will end the lesson by asking the students to share the adjectives about themselves in Worksheet.

WORKSHEET - 10 Code : ENG 305

Reading comprehension

- The teacher will ask the students to open Worksheet and tell the students that they are going to read a small story about two friends.

Two friends

- Rahul and Ajay were friends since childhood. They used to go to school together and play after school. Rahul's father was a teacher and Ajay's father was a postman. Their mothers were housewives. Rahul liked English so he went to the city to go to college. Ajay stayed in the village and like his father became a postman. Rahul and Ajay are still friends.

Questions

- The teacher will read the story aloud and explain the meaning of the words in the story.
- The teacher will ask the students to share a few things about their friends.
- The teacher will introduce the 'WH' words to ask questions in English. These words are what, when and where.
- The teacher will ask the students the following questions in class and discuss the answers: What is your friend's name? What do you do with your friend? When do you meet your friend? Where do you go with your friend?
- The teacher will read aloud and explain the questions in Worksheet.
- The teacher will end the lesson by asking the students to complete Worksheet.

WORKSHEET - 11 Code : ENG 305

Reading Comprehension

- The teacher will revise the WH questions, nouns, verbs, and adjectives.
- The teacher will ask the students to look at the cover of their Class 4 English textbook (My book of English).
- The teacher will ask questions about the nouns, verbs, and adjectives from the story.
- The teacher will ask the following questions – 'what is the girl doing', 'what is the boy in red short doing?', 'which animal do you see?', 'what do you see flying?', etc.
- The teacher will ask the students to write five nouns, five verbs, and five adjectives from the story in their notebooks.
- The teacher will ask the students to open Worksheet. The teacher will read the passage aloud and explain it to the students.
- The teacher will ask the students to complete the Worksheet.

WORKSHEET - 12 Code : ENG 312

- The teacher will tell the students that articles are 'a/ an/ the' and are used in sentences before nouns. Articles help qualify nouns.
- The teacher will tell the rules of using 'a/ an/ the' in the sentences to the students.
- The teacher will give some examples of words that can have either 'a' or 'the' before it. Example - I passed a school when I was travelling by bus. I went to the school today to get my books.
- The teacher will write the following words on the blackboard and ask the students to tell the correct article for the word (some words can be used with both 'a/ an' and 'the'.) - principal, moon, boy, school, class, umbrella, exam, bottle, Indian Ocean, Haryana, government, teacher, student.
- The teacher will use the words to write a few sentences with missing articles on the blackboard and ask the students for the correct article for each sentence.
- The teacher will ask the students to complete Worksheet. The teacher will discuss the correct answers before the end of class.

WORKSHEET - 13 Code : ENG 302

Listening/ Speaking Conversation Competency

- The teacher will remind the students about basic conversational English (refer to earlier lessons).
- The teacher will introduce the topic for conversation—health and hygiene. • Teacher: We will practice talking about being healthy and hygienic.
- She/he will introduce healthy/unhealthy practices.
- Next, the teacher will ask the students to roleplay the same sentences in the form of a conversation with a doctor.
- The teacher will ask the students to form pairs and follow the conversation structure given in Worksheet.

WORKSHEET - 14 Code : ENG 309

Writing Sentences

- The teacher will revise the phonic drill in class.
- The teacher will divide the students into groups of 4.
- The teacher will explain the game as—I will say the name of a category (theme/topic), in your group you will write three different words that belong to that category.
- The teacher will conduct a practice round—category colours, you can write—red, green etc.
- The teacher will name the following categories—animals, parts of body, colours.

- The teacher will complete three rounds. She/he will guide the students with spellings.
- The teacher will introduce basic sentence structure (one after the other allowing the students to complete each category) - For animal group—I can see a …… For body parts – I have a …….. For colours group - This is……
- The teacher will support the students to write sentences using the same structure in Worksheet.
- The teacher will close the session by making the students to read the sentences.

WORKSHEET - 15 Code : ENG 310

Vocabulary

- The lesson is on the theme "cleanliness".
- The teacher will introduce the word clean/cleanliness. She/he will explain the meaning.
- The teacher will also share the antonym/s to illustrate the meaning. The teacher will divide the students into groups of 5-7.
- The students will discuss and list 2 actions/activities that increase/improve cleanliness in the school, at home and on the road.
- The teacher will ask the students to read some of their answers from Worksheet. Next, the teacher will write the words- actions and things on the blackboard.
- She/he will say a word and the students will say whether the word is an action or a thing. **Examples:** brush, wash, wipe, clean, sweep, mop, broom, bathe, soap, water, dustbin, garbage, throw, comb.
- The teacher will support the students to complete the Worksheet.
- The teacher will discuss some students' sentences before the end of the class.

WORKSHEET - 16 Code : ENG 304

Reading CVC words

- The teacher will do the phonic drill with the students.
- The teacher will write 'a' and 't' on the blackboard and tell the students the sounds of a and t.
- The teacher will tell the students that when a and t go together, they produce the sound of 'at'.
- The teacher will ask the students to add consonant sound before 'at'. This combination will produce CVC (consonant- vowel-consonant) words.
- The teacher will write the following words on the blackboard
- The teacher will write the following words on the blackboard

at	Pat	Cat	Sat	Bat	Rat	Mat

- The teacher will repeat the same process with ‘an’ and ‘og’ words.

an	Pan	Can	Fan	Ban	Ranq	Man

og	Dog	Fog	Log	Hog

- The teacher will divide the class into groups of 4/ 5 students and ask the students to come up with words for the word families-- in, un, ot, at, an, and op.
- The teacher will ask the student groups to share the words with the class.
- The teacher will explain the meaning of the words if needed.
- The teacher will ask the students to complete Worksheet.

शिक्षक से–

- आप से अपेक्षा की जाती है कि कक्षा–शिक्षण के दौरान छात्रों के अधिगम स्तर को देखते हुए उनकी पहचान करें।
- जो बच्चे वर्तमान कक्षा में रहते हुए पूर्व अधिगम दक्षताएँ अर्जित करने में असमर्थ रहते हैं। उनकी पहचान करें।
- उन विद्यार्थियों के साथ समूह बनाएँ जिनकी अवधारणा स्पष्ट हो। ऐसे विद्यार्थियों को नेतृत्व करने का अवसर दें, इससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी।
- अभ्यास पुस्तिका के अतिरिक्त प्रत्येक कौशल से संबंधित कुछ सरल व रोचक गतिविधियाँ बनाएँ।
- पीयर ग्रुप बनाएँ। अध्यापक की बजाए बच्चा, बच्चे से जल्दी सीखता है।
- विद्यार्थियों के समूह बनाएं, उनके अधिगम संवर्धन हेतु विद्यार्थी अभ्यास पुस्तिका में दर्शायी गई गतिविधियां करने में उनका मार्गदर्शन करें।
- सभी विद्यार्थियों को विशेषकर वे जो किसी कारणवश अपने स्तर से पीछे रह गए हैं, उन्हें कक्षा के अन्य बच्चों के समकक्ष लाने हेतु उनका उचित मार्गदर्शन करें।
- गतिविधियाँ कराते समय संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रबंध/इंतजाम करें।
- बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनको गतिविधियाँ करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों के अधिगम स्तरानुसार अपने विवेक से गतिविधि आधारित शिक्षण करवाएँ।

क्रमांक	विषयवस्तु	दक्षता कोड	वर्तमान दक्षताएँ	दक्षता कोड	पूर्व दक्षताएँ
1	जादूगर यह कौन	HIN 401 HIN 406 HIN 413	विद्यार्थी पढ़ी/ सुनी रचनाओं (कहानी/कविता) की विशय वस्तु, पात्रों, शीर्षक, घटनाओं आदि के बारे में बता सकते हैं, प्रश्न पूछ सकते हैं एवं पात्रों का अभिनय कर सकते हैं। विद्यार्थी कक्षा 4 के स्तर की विभिन्न प्रकार की रचनाओं (कहानी/कविता/नाटक/निबन्ध) को उपयुक्त उतार–चढ़ाव, षुद्धता एवं उचित प्रवाह के साथ पढ़ सकते है।(पाठ्यपुस्तक एवं पुस्तकालय की पुस्तकों से विद्यार्थी मिलते–जुलते समानार्थी शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, , देशज/स्थानीय शब्द, भिन्नार्थक शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द आदि के प्रयोग को समझकर इनके बारे में बता सकते हैं।	HIN 201 HIN 203 HIN 302	विद्यार्थी 5–7 पंक्तियों की कविता/ बालगीत/ पहेलियों को सुनकर लय के साथ दोहरा सकते हैं और स्वयं भी कविता सुना सकते हैं। विद्यार्थी सुनी गई कहानी–कविता, चित्र, परिवेश आधारित सरल प्रश्नों के जवाब घर की भाषा व् हिन्दी में दे सकते हैं। (तथ्यात्मक प्रश्न, निष्कर्षात्मक/तर्क वाले प्रश्न एवं कल्पना आधारित प्रश्न आदि)। विद्यार्थी कहानी/ कविता/ सुनी गई बात के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं, प्रतिक्रिया दे सकते है और अपनी कल्पना तथा नई शब्दावली का प्रयोग करते हुए उसे आगे बढ़ा सकते है। विद्यार्थी मिलते–ज ुलते शब्द, विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, देशज शब्द, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द के प्रयोग को समझ सकते हैं तथा इनका प्रयोग कर सकते हैं।

2	टपका	HIN 401	विद्यार्थी पढ़ी/ सुनी रचनाओं (कहानी/कविता) की विषय वस्तुपात्रों, शीर्षक, घटनाओं आदि के बारे में बता सकते हैं, प्रश्न पूछ सकते हैं एवं पात्रों का अभिनय कर सकते हैं।	HIN 202	विद्यार्थी 7–8 पंक्तियों की छोटी कहानी को सुनकर समझ सकते हैं और उसे घर की भाषा एवं हिन्दी में अपने शब्दों में बता सकते हैं।
		HIN 405	विद्यार्थी किसी कहानी/घटना के आधार पर किसी पात्र का अभिनय कर सकते हैं और संवाद को प्रभावी तरीके से बोल सकते हैं।	HIN 301	विद्यार्थी एक से अधिक घटनाक्रम एवं पात्रों वाली कहानी सुनकर प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं और उसे अपने शब्दों में बता सकते हैं।
		HIN 412	विद्यार्थी संदर्भ में संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन, क्रिया, विशेषण, काल, उपसर्ग, प्रत्यय, अनुस्वार, अनुनासिक का अर्थ समझ सकते हैं और वाक्य/पाठ में इनकी पहचान करके बता सकते हैं।	HIN 313	विद्यार्थी मिलते–जुलते शब्द, विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, देशज शब्द, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द के प्रयोग को समझ सकते हैं तथा इनका प्रयोग कर सकते हैं।
		HIN 413	विद्यार्थी मिलते–जुलते समानार्थी शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, देशज/स्थानीय शब्द, भिन्नार्थक शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द आदि के प्रयोग को समझकर इनके बारे में बता सकते है ।		

क्रमांक	विषयवस्तु	दक्षता कोड	वर्तमान दक्षताएँ	दक्षता कोड	पूर्व दक्षताएँ
3	छोटी बातें बड़े काम की	HIN 402	विद्यार्थी दिए गए परिचित एवं अपरिचित विषय पर स्पष्ट एवं व्यवस्थित रूप से 10–12 वाक्य बोल सकते हैं।	HIN 204	विद्यार्थी घर की भाषा और हिन्दी भाषा में अपने बारे में और अपने आस–पास की चीजों अथवा परिचित चित्रों के बारे में 5–7 वाक्य बोल सकते हैं।
		HIN 407	विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की अन्य सरल पाठ्य सामग्री (अखबार, होर्डिंग्स, सूचना, सूचना पट्ट, निर्देश) को प सकते हैं।	HIN 205	विद्यार्थी स्कूल एवं परिवेश में उपलब्ध परिचित एवं अपरिचित चीजों के नाम हिन्दी में बता सकते हैं।
		HIN 409	विद्यार्थी स्वेच्छा से अथवा शिक्षक के द्वारा दिए गए विषय/किसी चित्र पर 8–10 वाक्य शुद्धता से लिख सकते हैं।	HIN 304	विद्यार्थी अपने आस–पास होने वाली घटना/ अपने स्वयं के अनुभवों को हिन्दी में 8–10 वाक्यों में बता सकते हैं।
		HIN 413	विद्यार्थी मिलते–जुलते समानार्थी शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, , देशज/स्थानीय शब्द, भिन्नार्थक शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द आदि के प्रयोग को समझकर इनके बारे में बता सकते हैं।	HIN 309	विद्यार्थी स्वेच्छा से अथवा शिक्षक के द्वारा दिए गए विषय/किसी चित्र पर 5–7 वाक्य लिख सकते हैं।

पाठ 1 जादूगर यह कौन

गतिविधि - 1 दक्षता कोड - 313

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को विलोम, समान अर्थ, देशज शब्दों व वाक्यांश के लिए एक शब्द की आधारभूत जानकारी दें व चर्चा करते हुए विद्यार्थी पुस्तिका में वर्णित गतिविधि करने के लिए दें। श्यामपट्ट की सहायता से उन विद्यार्थियों की विषय संबंधी अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करें। तत्पश्चात कुछ अंतराल के बाद अध्यापक विद्यार्थियों का आकलन करें व जो विद्यार्थी गतिविधि समझने में असमर्थ रहे, उनका एक समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास कराएं ताकि सभी विद्यार्थी कक्षा में समान रूप से चल पाए।

गतिविधि - 2 दक्षता कोड - 302

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पहले स्वयं कविता का सस्वर वाचन करें व फिर विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराते हुए कविता के भाव व सरलार्थ की जानकारी दें व कविता आधारित प्रश्न पूछें। वाचन उपरांत सुनी गई कविता के बारे में बच्चों से प्रश्न पूछें। सभी बच्चे अपनी–अपनी प्रतिक्रिया देंगे। यदि कोई बच्चा प्रतिक्रिया देने में असमर्थ नजर आए तो उसे व्यक्तिगत रूप से कविता का वाचन करने को कहें।

गतिविधि - 3 दक्षता कोड - 203

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों से चित्र दिखाकर उन्हें प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित प्रश्न पूछें। ध्यान रहे यदि बच्चा घर की भाषा में प्रश्नों का उत्तर दे तो भी उसे प्रोत्साहित करें। कक्षा–कक्ष में विद्यमान चित्र दिखाकर प्रश्न पूछते हुए अन्य गतिविधियों का अभ्यास कराएँ। कुछ अंतराल के बाद अध्यापक विद्यार्थियों का आकलन करें व जिन विद्यार्थियों को गतिविधि समझने में कठिनाई हुई है उनका एक समूह बनाकर पुनः गतिविधि' का अभ्यास कराएं ताकि सभी विद्यार्थी कक्षा में समान रूप से चल सके।

गतिविधि - 4 दक्षता कोड - 201

अध्यापक कक्षा में विद्यार्थियों से उनके परिवेश में बोले जाने वाली पहेलियाँ पूछें तदुपरांत बच्चों के दो समूह बनाएँ। एक समूह पहेली आधारित प्रश्न पूछें तथा दूसरा समूह उन पहेलियों के उत्तर दें। इस प्रकार खेल विधि के माध्यम से पहेलियों की अवधारणा स्पष्ट की जाए। अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को वर्ग पहेली से संबंधित आधारभूत जानकारी देकर वर्ग पहेली में पहेलियों के उत्तर ढूँढ़कर गोला लगाने के लिए कहें। कुछ अंतराल के बाद अध्यापक विद्यार्थियो का आकलन करें।

गतिविधि - 5 दक्षता कोड - 401, 406

अध्यापक उपयुक्त उतार–चढ़ाव, शुद्धता एवं उचित प्रवाह के साथ कविता का सस्वर वाचन करें व विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन करवाते हुए कविता का भाव व सरलार्थ की जानकारी दें व कविता आधारित प्रश्न पूछें। विषय वस्तु, पात्रों, शीर्षक, घटनाओं आदि के बारे में बात करें, ताकि विद्यार्थियों में प्रश्न पूछने की समझ विकसित हो सके। कक्षा में सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनका समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास करवाएँ।

गतिविधि - 6 दक्षता कोड - 413

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को पर्यायवाची, विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, देशज शब्दों से संबंधित आधारभूत जानकारी दें। श्यामपट्ट की सहायता से उन विद्यार्थियों की विषय संबंधी अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करें। विद्यार्थियों का आकलन करें व जो विद्यार्थी गतिविधि समझने में असमर्थ हैं उनका समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास करवाएँ।

पाठ 2 टपका

गतिविधि - 1 दक्षता कोड - 301

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए **'दूसरों की सहायता करना'** – विषय से संबंधित वार्ता कक्षा में करें तथा उस संवाद से संबंधित मूल भाव को समझाने के उपरांत संबंधित प्रश्न पूछें। अध्यापक विद्यार्थियों को उनके जीवन में घटित ऐसी घटनाओं को कक्षा में सुनाने के लिए प्रोत्साहित करें। कुछ अंतराल के बाद अध्यापक विद्यार्थियों का आकलन करें व जो विद्यार्थी गतिविधि में भाग नहीं ले पाए, उनको भी प्रोत्साहित करें।

गतिविधि - 2 दक्षता कोड - 313

- अध्यापक विद्यार्थियों को उपसर्ग, प्रत्यय की जानकारी प्रदान करें। तत्पश्चात विषय समझाने के लिए 'अ', 'स' तथा 'ता' जोड़कर नए शब्द निर्माण करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को अधिकाधिक शब्द निर्माण का अभ्यास कराया जाए।
- कुछ अंतराल के बाद अध्यापक विद्यार्थियों का आकलन करें व जो विद्यार्थी गतिविधि नहीं समझ पाए, उनका एक समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास करवाएँ।

गतिविधि - 3 दक्षता कोड - 202

- अध्यापक विद्यार्थियों को एक कहानी सुनाए और सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कहानी का मूल भाव समझाएं तथा कहानी से प्राप्त शिक्षा की जानकारी प्रदान करें। तदुपरांत कहानी को सुनकर, समझकर विद्यार्थी उसे घर की भाषा में अपने शब्दों में सुनाएँ।
- उसके उपरांत शिक्षक विद्यार्थियों को उस कहानी को घर की भाषा या हिन्दी में अपने शब्दों में बताने के लिए प्रेरित करें।

गतिविधि - 4 दक्षता कोड - 405

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को कक्षा–3 के पाठ **'भाईचारा'** पर आधारित पात्रों का अभिनय करवाएं और विद्यार्थियों को प्रभावी तरीके से संवाद बोलने के लिए प्रेरित करें।

गतिविधि - 5 दक्षता कोड - 401

- अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ी/ सुनी कहानी की विषय वस्तु ,पात्रों, शीर्षक, घटनाओं आदि के बारे में बताएं तथा विद्यार्थियों को पढ़ी/सुनी कहानी (भाईचारा) से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें।
- विद्यार्थियों का आकलन करें व जिन विद्यार्थियों को गतिविधि समझने में कठिनाई हुई है उनका एक समूह बनाकर पुनः गतिविधि दोहराएं।

गतिविधि - 6 दक्षता कोड - 412

- अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को वर्ग पहेली से संबंधित आधारभूत जानकारी दें तथा वर्ग पहेली में से व्यक्ति, वस्तु, पशु–पक्षी व स्थान का नाम ढूँढ़ने के लिए प्रेरित करें।
- उसके बाद अध्यापक विद्यार्थियों को संज्ञा की परिभाषा लिखकर वर्ग पहेली में छिपे संज्ञा शब्दों के वर्गीकरण संबंधी जानकारी दें। सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को सर्वनाम, वचन, समानार्थी, मुहावरे व वाक्यांश के लिए एक शब्द से संबंधित जानकारी देते हुए गतिविधि आधारित कार्य करने के लिए कहें।

पाठ 3 छोटी बातें, बड़े काम की

गतिविधि - 1 दक्षता कोड - 309

- अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 'बातों को जोड़कर वाक्य बनाओ' से संबंधित जानकारी पर चर्चा करते हुए गतिविधि' में दिए गए कार्य को करने के लिए कहें। अध्यापक विद्यार्थी को स्वेच्छा से अथवा अध्यापक के द्वारा दिए गए विषय/किसी चित्र पर 5–7 वाक्य लिखने के लिए कहें।
- विद्यार्थियों का एक समूह बनाकर गतिविधि' का पुनः अभ्यास करवाएं ताकि कक्षा में सभी विद्यार्थी आगे बढ़ पाए।

गतिविधि - 2 दक्षता कोड - 304

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को अपने आस–पास होने वाली घटना/यात्रा एवं त्योहारों संबंधी अपने स्वयं के अनुभवों को सांझा करने के लिए प्रेरित करें। सभी विद्यार्थी रुचिपूर्वक गतिविधि करें तत्पश्चात् अपनी शंका निवारण हेतु प्रश्न पूछें। अध्यापक भी बच्चों द्वारा दिए गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंका का निवारण करें।

गतिविधि - 3 दक्षता कोड - 204

बच्चों के भाषायी कौशल का विकास हेतु अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपनी स्वयं की भाषा में बोलने के लिए प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित चित्र के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहें। विद्यार्थी घर की भाषा और हिन्दी भाषा में अपने बारे में और अपने आस–पास की चीजों अथवा परिचित चित्रों के बारे में 5–7 वाक्य बोल सके। ग्रामीण परिवेश से जोड़ते हुए कहानी में आए क्षेत्रीय शब्दावली से परिचित करवाएं। चित्रों के माध्यम से कहानी का निर्माण करवाएं। कक्षा में अन्य चित्र दिखाकर इस प्रकार की गतिविधियाँ करवाकर अभ्यास कराएँ।

गतिविधि - 4 दक्षता कोड - 205

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यालय व आस–पास की चीजों के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करें व साफ–सफाई के लिए भी जागरूक करें। इसके उपरांत घर की साफ–सफाई करने में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के नाम, चित्र में देखकर, पहचानकर लिखने के लिए कहें।

गतिविधि - 5 दक्षता कोड - 402

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को स्पष्ट व व्यवस्थित रूप से बोलने के लिए प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित 'चिड़ियाघर की सैर' विषय पर 10–12 वाक्यों में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहें। आवश्यकता अनुसार बच्चों द्वारा लिखे गए वाक्य कक्षा में सुनाने के लिए कहें। अध्यापक सभी विद्यार्थियों को सुने गए वाक्य के आधार पर उन्हें अपनी भाषा में 5 वाक्य लिखकर लाने को कहें ताकि विद्यार्थी दिए गए परिचित एवं अपरिचित विषय पर स्पष्ट एवं व्यवस्थित रूप से 10–12 वाक्य बोलने में समर्थ हो सके।

गतिविधि - 6 दक्षता कोड - 407

- अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की सरल पाठ्यसामग्री (अखबार, होर्डिंग्स, सूचना, सूचना पट्ट, निर्देश आदि) को पढ़कर समझने के लिए प्रेरित करें। अध्यापक गतिविधि आधारित सूचना पट्ट का निर्माण करने के लिए कहें।
- कुछ अंतराल के बाद जो विद्यार्थी गतिविधि समझने में असमर्थ हैं उनका समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास कराएंगे ताकि कक्षा में सभी विद्यार्थी समान रूप से चल पाएं।

गतिविधि - 7 दक्षता कोड - 409

- अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को शुद्धता से लिखने के लिए प्रेरित करते हुए अपनी पसंद के चित्र बॉक्स में चिपकाकर उस पर शुद्ध रूप से चार–चार वाक्य लिखने के लिए कहें।
- कुछ अंतराल के बाद जो विद्यार्थी गतिविधि समझने में असमर्थ हैं उनका समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास कराएंगे ताकि कक्षा में सभी विद्यार्थी समान रूप से चल पाए।

गतिविधि - 8 दक्षता कोड - 413

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें व्याकरण को समझने के लिए प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित 'समान अर्थ देने वाले शब्दों से पूरा वाक्य लिखने' व 'विलोम शब्दों से वाक्य बदलो' से संबंधित कार्य करने के लिए दें। श्यामपट्ट की सहायता से उन विद्यार्थियों की विषय संबंधी अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करें। कुछ अंतराल के बाद जो विद्यार्थी गतिविधि समझने में असमर्थ हैं उनका समूह बनाकर पुनः गतिविधि का अभ्यास कराएं ताकि कक्षा में सभी विद्यार्थी समान रूप से चल पाए।

गतिविधि - 9 दक्षता कोड - 302, 313, 402, 413

अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पहले स्वयं कहानी का वाचन करें व फिर विद्यार्थियों से अनुकरण वाचन कराते हुए कहानी के भाव की जानकारी दें व कहानी आधारित प्रश्न लिखने के लिए कहें। अध्यापक सभी विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें व्याकरण को समझने के लिए प्रेरित करते हुए गतिविधि आधारित 'समान अर्थ देने वाले शब्दों से पूरा वाक्य लिखने' के लिए दें। श्यामपट्ट की सहायता से उन विद्यार्थियों की विषय संबंधी अवधारणा को स्पष्ट करने का प्रयास करें।

गणित

पाठ 1

डिजाइन ही डिजाइन

कार्यपत्रक - 1 दक्षता कोड - 202

दक्षताएँ :– दक्षता के अनुसार अध्यापक/अध्यापिका किसी भी डिजाइन को पुस्तक या ब्लैक बोर्ड की सहायता से बच्चो के दिखाए और उस डिजाइन मे बनी आकृतियों को पहचाने व बनाने के लिए प्रेरित करें तथा इसी प्रकार के अन्य डिजाइनों के द्वारा आकृतियों के पैटर्न सम्बन्धी समझ बनाने के लिए अभ्यास करवाएँ। विभिन्न आकारों के द्वारा विभिन्न पैटर्न बनाने का अभ्यास करने के लिए बच्चों के साथ चर्चा करें ताकि बच्चों को महसूस हो कि खेल–खेल में ही उन्होंने पैटर्न बनाना सीख लिया।

कार्यपत्रक - 2 दक्षता कोड - 302

दक्षताएँ :– दक्षता के अनुसार दी गई गतिविधि कक्षा में करवाने के लिए अध्यापक/अध्यापिका कुछ पेन्सिलों व शार्पनर विद्यार्थियों के सामने रखें तथा उन्हें इनकी सहायता से विभिन्न प्रकार के पैटर्न बनाने के लिए प्रोत्साहित करें या एक/दो पैटर्न बनाकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। यह गतिविधि कंकड़, तिनके, पैन, रबर, बटन आदि के साथ भी करवाई जा सकती हैं।

कार्यपत्रक - 3 दक्षता कोड - 303

दक्षताएँ :– दक्षता के अनुसार अध्यापक/अध्यापिका एक डिब्बे में 3 अंकीय संख्याओं के फ्लैशकार्ड रख लें। अब बारी–बारी से विद्यार्थियों से एक–एक फ्लैशकार्ड निकलवाएँ ।

सुमित का कार्ड – 386
राधा का कार्ड – 215
सरबजीत का कार्ड – 420

- अब इन संख्याओं की तुलना करवाते हुए सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या विद्यार्थियों से पूछें तथा संख्याओं को बढ़ते व घटते क्रम में लिखने या पढ़ने का अभ्यास करवाएँ ।
- इसी प्रकार अन्य विद्यार्थियों से भी कार्ड निकलवाएँ तथा गतिविधि को दोहराएँ तथा स्थानीय मान की समझ बनाने के लिए विभिन्न संख्याओं के स्थान के बारे में बच्चों (विद्यार्थियों) से प्रश्न पूछें तथा संख्या के स्थानीय मान लिखने में बच्चे की सहायता करें।
- विभिन्न संख्याओं के स्थानीय मान लिखने के लिए विद्यार्थियों का अभ्यास करवाएँ व स्वयं कार्यपत्रक करने के लिए दें ।

कार्यपत्रक - 4

दक्षताएँ :– अलग–अलग प्रकार के डिजाइन देखकर पैटर्न बनाने की समझ रखते हैं।

अध्यापक/अध्यापिका अपने आस–पास के परिवेश से पैटर्न ढूँढने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें।

L1 बच्चों के सामने पैटर्न रखकर ढूँढने को दें।

L2 बच्चों को पैटर्न आगे बढ़ाने में मदद करें।

L3 बच्चों को स्वयं पैटर्न बनाने व ढूँढने के लिए प्रेरित करें।

कक्षा–4 की पाठ्यपुस्तक में पेज संख्या 3, 4, व 5 का अभ्यास करवाएँ।

कार्यपत्रक - 5

दक्षताएँ :– टाइलों का प्रयोग और उनके कट आउट बनाकर उनकी सहायता से डिजाइन बनाते हैं।

अध्यापक/अध्यापिका विभिनन प्रकार की टाइलों व ईंटों की सहायता से पैटर्न बनाने के लिए प्रेरित करें तथा कट आउट (टाइलों के) बनवाने का अभ्यास करवाएँ।

कक्षा–4 की पाठ्यपुस्तक में से पेज संख्याओं 6,7,8 पर दी गई गतिविधियाँ करवाएँ।

L1 बच्चों को टाइलों के डिजाइन उपलब्ध करवाकर अभ्यास करवाएँ।

L2 बच्चों को टाइलों के कटआउट से विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाने के लिए प्रेरित करें।

L3 बच्चों को स्वयं कट आउट बनाकर पैटर्न बनाने के लिए प्रेरित करें।

कार्यपत्रक - 6

दक्षताएँ :– गुणा व भाग के पैटर्न को पहचानते हैं तथा 10 व 100 से गुणा और भाग के पैटर्न बनाते हैं।

अध्यापक/अध्यापिका सबसे पहले विद्यार्थियों को पहाड़े, गुणा व भाग की संक्रियाओं की समझ सुनिश्चित करें तथा छोटे–छोटे गुणा व भाग संबंधी पैटर्न का अभ्यास करवाएँ तथा कार्यपत्रक करने के लिए दें।

अध्यापक/अध्यापिका पहाड़ों की मदद से L1, L2 व L3 विद्यार्थियों को पैटर्न आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें।

L1 बच्चों को टाइलों के डिजाइन उपलब्ध करवाकर अभ्यास करवाएँ।

L2 बच्चों को टाइलों के कटआउट से विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाने के लिए प्रेरित करें।

L3 बच्चों को स्वयं कट आउट बनाकर पैटर्न बनाने के लिए प्रेरित करें।

कार्यपत्रक - 7

दक्षताएँ :– टैनग्राम बनाने की समझ एवं उसके टुकड़े काटकर विभिन्न प्रकार के जानवरों, इंसानों और अन्य चीजों की आकृतियों को बनाते हैं।

अध्यापक/अध्यापिका कक्षा–4 की पाठ्यपुस्तक पेज संख्या 11 से 13 की सहायता से टैनग्राम के बारे मे विद्यार्थियों को परिचित करवाते हुए टैनग्राम से विभिन्न टुकड़े बनाने का अभ्यास करवाएँ तथा उसके टुकड़ों से विभिन्न आकृतियाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। पेज संख्या 12 पर दिए गए अभ्यास से रेखा द्वारा टैनग्राम के टुकड़ों का आकृति से मिलान करवाने का अभ्यास करवाएँ। L1 विद्यार्थियों को टैनग्राम व उसके सात टुकड़े उपलब्ध करवाएँ व आकृतियाँ बनाने का अभ्यास करवाएँ।

L2 व L3 विद्यार्थियों से टैनग्राम बनवाएँ तथा उसके टुकड़े काटने व उनसे आकृतियाँ बनाने के लिए प्रेरित करें। पेज संख्या 12 के अतिरिक्त अन्य आकृतियाँ बनाने का अभ्यास करवाएँ।

1. आकृति का नाम बताइए
2. आगे बढ़ाइए 1, 2, 3, —— —— ——
3. आगे बढ़ाइए —— ——

उत्तरमाला

1. त्रिभुज
2. 1, 2, 3, 4, 5, 6
3.

पाठ 2 करसरत अंकों की

कार्यपत्रक - 1 दक्षता कोड - 304

दक्षताएँ :– दक्षता के अनुसार विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं को विविध विधियों द्वारा हासिल के साथ जोड़ व घटा सकते हैं। शिक्षक/शिक्षिका इस प्रकार की दक्षताओं को रूचिकर बनाने के लिए अन्य गतिविधियों का सहारा ले सकते हैं। बच्चों को संख्याओं के स्थानीय मान का ज्ञान हो, इसके लिए आप गिनतारे की मदद ले सकते हैं। विद्यालयों में पहले से उपलब्ध गणित के उपकरणों की सहायता से बच्चों को विस्तारित रूप से संख्याएँ को पढ़ने–लिखने में सहायता मिलेगी।

- **चारों कोनों का खेल –** कक्षा–कक्ष के चारों कोनों में 1, 10, 100 और 1000 लिख दें। आप किन्हीं भी चार बच्चों को चारों कोनों में खड़ा होने को कहें, इस समय उन्हें समझाएँ कि जो विद्यार्थी जिस संख्या वाले कोने में खड़ा है उसका उतना ही स्थानीय मान है। अब किसी एक विद्यार्थी को संख्या एक वाले कोने में खड़े होने को कहें और किसी दूसरे विद्यार्थी को संख्या 10 वाले कोने में और किसी एक अन्य विद्यार्थी को संख्या 100 वाले कोने में खड़े होने को कहें और किसी एक विद्यार्थी को संख्या 1000 वाले कोने में खड़े होने को कहें। अब सब विद्यार्थी स्वयं समझ जाऐंगें कि संख्या 10 वाले कोने में 2 विद्यार्थी खड़े हो गए तो उनका स्थानीय मान 20 हो गया और संख्या 1000 वाले कोने में दो विद्यार्थी खड़े हो गए तो विद्यार्थियों का स्थानीय मान 2000 हो गया। इस तरह विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर या घटाकर बनने वाली संख्याओं को बच्चों को नोट करने को कहें।

> **नोटः** अध्यापक अपने ज्ञान और अुनभव के आधार पर स्वयं ही अनेकानेक गतिविधियाँ करवाने में सक्षम हैं अतः आपके द्वारा बनाई गई गतिविधियों से भी विद्यार्थियों को इस दक्षता में सक्षम बनाया जा सकता है।

अध्यापकों के लिए संकेतः. यहाँ आप चौथी कक्षा की पाठ्य पुस्तक की पृष्ठ संख्या 13 से पृष्ठ संख्या 23 तक बच्चों को परिचित करा सकते है।

(विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को एक अंकीय संख्या से गुणा कर सकते हैं। शुरूआत में बार–बार जोड़े के रूप में व फिर 10 तक के पहाड़ों की मदद से शिक्षक/शिक्षिका इस दक्षता को रूचिकर बनाने के लिए कुछ अन्य रोचक गतिविधियाँ करवा सकते हैं। जैसे–

- **पहाड़ों का खेल** – अगर हम विद्यार्थियों को 5 का पहाड़ा सिखा रहे हैं तो उन्हें एक गोले में खड़ा करें। विद्यार्थी गिनती गिनना शुरू करें (5–5) में (जैसा कि उन्होंने पूर्व की कक्षाओं में ताली बजाकर खेल के अंतर्गत सीखा था।

  1, 2, 3, 4, 5 .....

  जैसे ही 5 आए विद्यार्थी बोलेगा। लड्डू, फिर 6, 7, 8, 9 ..... 10 पर लड्डू .....

  ऐसे ही 5–5 मे गिनते जाएँ, जो विद्यार्थी लड्डू की अपेक्षा अंक बोल दे वो खेल से बाहर हो जाएगा। यही खेल आप सभी पहाड़ों के लिए करवा सकते हैं।
- Peer Group में भी विद्यार्थी अच्छे से सीख पाते हैं।
- गिनतारा से विद्यार्थियों को अभ्यास करवाएँ कि उनके डाले हुए मोती किसी क्रम में दिखें जैसे नीचे से ऊपर या ऊपर से नीचे।



आप संख्या चार्ट की भी मदद ले सकते हैं।

कार्यपत्रक - 2 दक्षता कोड - 304

अध्यापकों के लिए संकेत : यहाँ आप चौथी कक्षा की पाठ्य पुस्तक की पृष्ठ संख्या 24 से पृष्ठ संख्या 29 तक बच्चों को परिचित करा सकते है।

- विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं को विविध प्रक्रियाओं द्वारा हासिल के साथ जोड़ व घटा से परिचित करा सकते है।

कार्यपत्रक - 3 दक्षता कोड - 307

- विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को एक अंकीय संख्या से गुणा कर सकते हैं। (शुरूआत में बार–बार जोड़ के रूप में व फिर 10 तक के पहाड़ों की मदद से)
- संख्याओं को गिनतारे की सहायता से पढ़ते और विस्तारित रूप में लिखने व उनके स्थानीय मान की समझ रखते है।
- एक लाख तक की संख्याओं को अंकों व शब्दों में लिखते हैं। संख्याओं को आरोही व अवरोही क्रम मे लिखते हैं।
- गिनतारा का मॉडल बनाओ और अपने माता–पिता के साथ बैठकर अलग–अलग संख्याएँ बनाओ, उन्हें समझो और अपनी कॉपी में लिखो।
- गिनतारा का चित्र



- आपके घर के पास आइसक्रीम वाला आया है उससे पूछो कि उसके पास कितनी तरह की आईसक्रीम हैं और सबकी अलग–अलग कितनी संख्या हैं।
- 873 को विस्तारित रूप में लिखने के बाद इस संख्या को गिनतारे पर दर्शाएँ।
- गर्मियों का मौसम है, अब तो आप आँगन में सोते होंगे, है ना! जरा आसमान में तो देखो, कितने टिमटिमाते तारे! आपको जितने तारे दिखाई दे रहे हैं। क्या आप उन्हें गिनकर उनके 10–10 के समूह बना सकते है? अच्छा बताइए तो, आपने कितने समूह बनाए। क्या आप 2 सैंकड़े बना पाए?
- मयूर, आयुषी और उषा के पास 2–2 पैंसिलें है तो तीनों के पास कितनी पैंसिलें हैं?
- आज चौथी कक्षा के बच्चे विद्यालय में फूलों के पौधे लगा रहे हैं। सबने मिलकर 7 क्यारियाँ बनाई और हर क्यारी में 12 फूलो के पौधे लगाए। क्या आप बता सकते हैं कि उन्होंने फूलों के कुल कितने पौधे लगाए?
- रिक्त स्थान भरिए–

  $22 \times 3 =$ _____ $26 \times 4 =$ _____

  $21 \times 4 =$ _____ $35 \times 3 =$ _____

  $30 \times 5 =$ _____

  पहले उत्तर का अनुमान लगाइए, फिर परिकलित कीजिए: एक फूल की पाँच पंखुड़ियाँ हैं। एक बॉक्स में 12 फूल हैं। बॉक्स में कुल कितने पंखुड़ियाँ हैं?

कार्यपत्रक - 4 दक्षता कोड - 304

विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं को विविध तरीकों द्वारा हासिल के साथ जोड़ व घटा सकते हैं।

कार्यपत्रक - 5 दक्षता कोड - 305

- विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को एक अंकीय संख्या से गुणा कर सकते हैं। (शुरूआत में बार–बार जोड़ के रूप में व फिर 10 तक के पहाडों की मदद से)

L1: विद्यार्थी को 2 से 5 तक के पहाड़ों का ज्ञान है।

- विद्यार्थी एक–एक अंक का जोड़ कर सकते है।
- विद्यार्थी एक अंकीय संख्या (1 से 9) में से 1 अंकीय संख्या को घटा सकते है।

L2: विद्यार्थी को 2 से 10 तक पहाड़ों का ज्ञान है।विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को विविध तरीकों द्वारा हासिल के साथ जोड़ व घटा सकते है।

- विद्यार्थी संख्याओं को उनके स्थानीय मान की समझ के अनुसार विस्तारित रूप में लिख सकते है।

L3: विद्यार्थी को 2 से 10 तक पहाड़ों का ज्ञान है।

- विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं को विविध तरीकों द्वारा हासिल के साथ जोड़ व घटा सकता है।
- विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को एक अंकीय संख्या से गुणा कर सकते हैं।
  (शुरूआत में बार–बार जोड़ के रूप में व फिर 10 तक के पहाडों की मदद से)
  प्रार्थना सभा में विधार्थी पंक्तियों में खड़े हैं। सभा में कुल छह पंक्तियों है। प्रत्येक पंक्ति में 12 विद्यार्थी है। कुल कितने विद्यार्थी हुए?



यहाँ दी गई संक्रियाओं की संरचना बच्चों की गुणन की अवधारणात्मक समझ को विकसित करने के लिए की गई है। बड़ी संख्याओं के गुणन की मानक विधि कुशल हो सकती है परंतु इन्हें बहुत छोटी कक्षाओं में पढ़ाना वास्तव में बच्चों की समझ में रुकावट बन सकती है। यहाँ दी गई गुणन की विधि बच्चों को दो अंकीय या तीन अंकीय संख्याओं की गुणन की समझ का विकास करती है। बच्चों को अपने परिणाम का अनुमान लगाने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए।

पाठ 3 प्रातः और सायं

कार्यपत्रक - 1

कैलेंडर देखकर एक वर्ष में सप्ताहों की गणना करते हैं। वर्ष में मास व दिनों की संख्या और प्रत्येक मास में दिनों की संख्या एवं लीप वर्ष को समझते हैं। घड़ी की सहायता से मिनट व घंटे के संबंध को समझते हैं। a.m. तथा p.m. के रूप में समय को व्यक्त करने की समझ रखते हैं।

सबसे पहले उपविषय पर बच्चों की समझ के स्तर को जाँचने के लिए शिक्षक विद्यार्थियों को निम्न प्रश्नों को हल करने के लिए कहेंगे। इसके बाद शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा दिए गए जवाबों के अनुसार L1, L2 व L3 स्तर पर बाटेंगें।

शिक्षक विद्यार्थियों को चित्र में दर्शाई गई घड़ियों में से कौन–सी घड़ी कितना समय बताती है?

1.



2.



3.

4.



चित्र–1 में

1. घण्टे की सुई 1 से आगे है।
2. मिनट की सुई 6 पर है।
3. घड़ी में 1 बजकर 30 मिनट हुए हैं, जिसे डेढ़ बजे भी कहते हैं।

चित्र–2 में

1. चित्र में 2 बजकर 30 मिनट हुए हैं जिसे ढ़ाई बजे भी कहते हैं।

तीन बजकर 30 मिनट को साढ़े तीन बजे कहते हैं। इसी प्रकार साढ़े चार साढ़े पांच आदि होते हैं।

चित्र 3 में घण्टे वाली सुई संख्याक 5 और 6 के बीच में है और मिनट वाली सुई 1 पर है अर्थात 1 गुणा 5 = 5 मिनट बता रही है। अतः घड़ी में 5 बजकर 5 मिनट हुए हैं। इसी प्रकार चित्र 4 में समय 10 बजकर 15 मिनट हुए हैं, जिसे सवा दस भी कहते हैं। ध्यान रहे कि 1 बजकर 15 मिनट को केवल सवा बजे कहते हैं न कि सवा 1 बजे।

- **नीचे दी घटनाओं को सही क्रम में लगाएँ।**

  अगस्त में मेरे मामा की शादी

  अक्टूबर में छुटकी का जन्म

  जून में ग्रीष्मावकाश में बुआ के घर जाना

अप्रैल में मेरा कक्षा चौथी में दाखिला होगा।
जनवरी में दादी का देहान्त हो गया था।

- साहिल का जन्म जनवरी 2016 में हुआ। उसकी बहन का जन्म सितम्बर 2017 में हुआ। बताइए कि पूजा का जन्म अपने भाई के जन्म से कितने महीने बाद हुआ?

कार्यपत्रक - 2

गतिविधि :– शिक्षक विद्यार्थियों से उनके दैनिक जीवन से संबंधित कुछ प्रश्न इस प्रकार से पूछेगा। जैसे–

(i) आपको नहाने में ज्यादा समय लगता है या ब्रुश करने में?

(ii) पलक झपकने और जूते पहनने में से किसमें ज्यादा समय लगता है?

(iii) आप पढ़ने में ज्यादा समय लगाते हैं या खेलने में ?

(iv) दूध से दही जमने में ज्यादा समय लगता है या गेहूँ की फसल को पकने में?

विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तरों के आधार पर अध्यापक उन्हें बताएँ कि कुछ कामों को हम जल्दी कर पाते हैं और कुछ काम ऐसे होते हैं, जिन्हें करने में हमें अधिक समय लगता है। समय की छोटी–बड़ी इकाइयों को स्पष्ट करने के लिए गणित प्रयोगशाला किट में से या किसी अन्य घड़ी का प्रयोग करते हुए अब उन्हें सैकेंड, मिनट व घंटे की अवधारणा को स्पष्ट करें।

कार्यपत्रक - 3

गतिविधि :– शिक्षक फर्श पर चॉक से या मिट्टी में बड़ा गोलदायरा खींचकर उसमें घड़ी बनाएँ। सभी विद्यार्थियों को दो समूहों में (घंटा व मिनट समूह) बांटे। अब प्रत्येक समूह से एक–एक विद्यार्थी को बुलाकर कोई भी समय बोलकर उसे दर्शाने को कहें।

कार्यपत्रक - 4

गतिविधि :– शिक्षक घड़ी के मॉडल का प्रयोग करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से दैनिक जीवन में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को घड़ी में दर्शाने के लिए कहें। जैसे उनके उठने, सोने, खाने का समय आदि। शिक्षक यह ध्यान रखे कि कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी का मौका दिया जाए।

कार्यपत्रक - 5

गतिविधि :– घर पर बेकार पड़ी चीजों से घड़ी का मॉडल बनाओ।

1. अपने घर के सभी सदस्यों से उनकी जन्मतिथि पूछकर उसे क्रमागत लगाते हुए एक सूची बनाएँ।
2. आप प्रतिदिन कितने घण्टे सोते हैं? ––––– घण्टे
3. आप एक सप्ताह में कुल कितने घण्टे सोते हैं? ––––– घण्टे
4. आप जून के महीने में कितने घण्टे सोते हैं? दिन = ––––– घण्टे
   सोचिए, आप एक महीने में लगभग कितने दिन सोते हैं ?
   प्रयोग करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से दैनिक जीवन में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को घड़ी में दर्शाने के लिए कहें। जैसे उनके लिए उठने, सोने, खाना खाने का समय आदि।
   शिक्षक यह भी ध्यान रखें कि कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी को मौका दिया जाए।

पूर्वाह्न और अपराह्ण का प्रयोग–

यदि मैं आपसे कहूँ कि मेरा मित्र मुझसे मिलने 8 बजे आया था तो इससे आपको यह पता नहीं चलता है कि वह सुबह 8 बजे आया था या शाम को 8 बजे। इसलिए सुबह और शाम के समय को स्पष्ट करने के लिए हमें पूर्वाह्न और अपराह्ण अवश्य बोलना व लिखना पड़ता है। रात्रि के 12 बजे को 12 बजे रात्रि या मध्य रात्रि लिखा जाता है। रात्रि के 12 बजे के बाद से दोपहर के 12 बजे तक के समय के साथ पूर्वाह्ण लिखते हैं। दोपहर 12 बजे को 12 बजे मध्याह्न लिखा जाता है। दोपहर 12 बजे के बाद से रात्रि के 12 बजे से पहले तक के समय के साथ अपराह्ण लिखा जाता है। इस प्रकार 12 घण्टे का पूर्वाह्न और 12 घण्टे का अपराह्ण मिलाकर 24 घण्टे (एक दिन) पूरे हो जाते हैं।

यदि आपसे पूछा जाए कि सर्दियों में आपका स्कूल कितने बजे लगता है? तो इसका उत्तर 9 बजे नहीं बल्कि 9.00 पूर्वाह्न है। इसी प्रकार स्कूल बंद होने का समय भी 3 बजकर 30 मिनट न कहकर 3 बजकर 30 मिनट अपराह्ण कहना चाहिए।

12 बजे मध्यरात्रि के बाद से दोपहर 12 बजे का समय पूर्वाह्न होता है।

दोपहर 12 बजे के बाद से मध्यरात्रि 12 बजे तक का समय अपराह्ण होता है।



कार्यपत्रक - 6

गतिविधि :– उपरोक्त गतिविधि के बाद अध्यापक बच्चों से इस विषय में चर्चा करें कि हम कुछ कार्य सुबह करते हैं, कुछ शाम को और कुछ रात को करते है। घड़ी की मदद से बच्चों को स्पष्ट किया जाए कि हमारी इस घड़ी के अनुसार एक दिन में 2 बार 12 बनते हैं। एक बार दोपहर के 12 बजे और दूसरी बार रात्रि को 12 बजे। मध्यरात्रि 12 बजे के बाद – दोपहर 12 बजे तक – पूर्वाह्न (a.m.)

दोपहर 12 बजे के बाद – मध्यरात्रि 12 बजे तक – अपराह्ण (p.m.)

कार्यपत्रक - 7

शिक्षक सभी विद्यार्थियों को गोल दायरे में खड़ा करके उचित हाव–भाव के साथ ताली बजाते हुए निम्न कविता को 2–3 बार बुलवाएँ।

सोमवार को आई रेल,
मंगलवार को खेला खेल,
बुधवार को नानी आई,
वीरवार को खाई मिठाई,
शुक्रवार को कुल्फी खाई,
शनिवार को खाई मलाई,
फिर आया प्यारा रविवार
आओ खेलें कूदें यार

कार्यपत्रक - 8

गतिविधि :– शिक्षक सप्ताह के दिनों के फ्लैशकार्ड बच्चों से बनवाएँ। इसके बाद शिक्षक बच्चों से बारी–बारी से कुछ प्रश्न पूछते हुए बच्चों को उत्तर वाला फ्लैशकार्ड चुनने के लिए कहें। जैसे–

(i) आज कौन सा वार है?

(ii) कल कौन–सा वार था?

(iii) कल कौन–सा वार होगा?

(iv) सोमवार से पहले कौन–सा वार आता है?

(v) बुधवार के बाद अगला कौन–सा वार आता है?

(vi) मंगलवार से दो दिन पहले कौन–सा वार होगा?

कार्यपत्रक - 9

गतिविधि :– शिक्षक 2–2 या 3–3 बच्चों के छोटे समूह बनाकर उन्हें सप्ताह के दिनों के नाम लिखकर फ्लैशकार्ड्स को क्रम में लगाने के लिए कहें। समूह निर्माण के समय शिक्षक ध्यान रखें कि समूह में दोनों बच्चे एक ही स्तर के न हों। जैसे यदि 3 बच्चों का समूह है तो L1, L2, L3 तीनों स्तर का एक–एक विद्यार्थी समूह में शामिल हों।

कार्यपत्रक - 10

गतिविधि :– शिक्षक निम्न प्रकार से एक तालिका श्यामपट्ट पर बनाएँ

क्रम	महीने का नाम	बच्चे का नाम	जन्मतिथि
1.	जनवरी	रोहित, स्वाति	23, 12
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			
7.			
8.			
9.			
10.			
11.			
12.	दिसम्बर		

अब शिक्षक बारी–बारी से प्रत्येक बच्चे से उसका जन्मदिन पूछकर विद्यार्थी को उसे श्यामपट्ट पर लिखने को कहें। कुछ विद्यार्थी महीनों के क्रम को पहचानते होंगे और कुछ नहीं। यदि कोई विद्यार्थी गलत स्थान पर महीने का नाम लिख देता है, तो उसे अन्य विद्यार्थियों की मदद से सही करवाने का प्रयास किया जाए। यदि कक्षा में कोई भी विद्यार्थी ऐसा कर पाने में असमर्थ हो, तो केवल उसी स्थिति में शिक्षक स्वयं बताएँ। महीनों को क्रम में लगाने के बाद तिथि के अनुसार भी पूछा जा सकता है कि किस महीने में किस विद्यार्थी का जन्मदिन पहले आता है? जैसे– जनवरी में रोहित का जन्मदिन पहले आता है या स्वाति का?

कार्यपत्रक - 11

गतिविधि :– शिक्षक सभी महीनों के नाम के फ्लैशकार्ड बनवाएँ। कक्षा में से किन्हीं 12 बच्चों को एक–एक फ्लैशकार्ड उठाने को कहें। जमीन पर थोड़ी–थोड़ी दूरी पर 1 से 12 तक गिनती लिखें। इसके बाद विद्यार्थियों को उन्हें मिले फ्लैशकार्ड के अनुसार जल्दी से सही स्थान पर जाने को कहें। अगर कोई विद्यार्थी सही स्थान पर नहीं पहुँच पाता तो शेष विद्यार्थी उसकी सहायता कर सकते हैं। फिर सभी बच्चे अपने–अपने क्रम के अनुसार महीनों के नाम बोलेंगे।

कार्यपत्रक - 12

गतिविधि :– शिक्षक कक्षा में उस वर्ष का कैलेण्डर लटकाएँ व बच्चों को उसे 5 मिनट तक ध्यान से देखने को कहें। एक चार्ट पेपर पर तीन जेब बनाएँ।

30 दिन	31 दिन	28 या 29 दिन

शिक्षक बनाए हुए महीनों के फ्लैशकार्ड में से बच्चों को बारी–बारी से एक–एक कार्ड चुनने के लिए कहें। फिर उन्हें कैलेण्डर में से उस महीने के दिनों की संख्या पढ़कर उसके अनुसार चार्ट पेपर पर बनी जेब में रखने को कहें। सभी महीनों के फ्लैशकार्ड डाले जाने के बाद एक–एक जेब खाली करके उनके महीनों के नाम पढ़ें। विद्यार्थियों को बताएँ कि फरवरी में 28 या 29 दिन होते हैं। हर चार साल बाद लीप वर्ष आता है। लीप वर्ष में 366 दिन व फरवरी में 29 दिन होते हैं।

कार्यपत्रक - 13

गतिविधि :– शिक्षक बारी–बारी से विद्यार्थियों को उनके जन्मदिन का वार कैलेण्डर में ढूंढने को कहें।

L_1, अध्यापक विद्यार्थियों की मदद करें।

L_2 अध्यापक विद्यार्थियों को संकेत दे सकते हैं।

L_3 अध्यापक विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए प्रेरित करें।

प्रिय टीचर

कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण वर्ष 2020–21 में प्रत्यक्ष रूप से कक्षाओं में शिक्षण अधिगम में कई कठिनाईयाँ हुई। आपने विद्यार्थियों तक पहुंचने के अनेक प्रयास किए परन्तु समय–समय पर स्कूल बंद होने के कारण बच्चों के शैक्षिक स्तर में प्रकट रूप से गिरावट हुई।

इस वर्ष (2022–23) नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को परिवेश अध्ययन की दक्षताओं, कौशलों को प्राप्त करना, पुस्तक के पाठों को समझना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसके लिए विद्यार्थियों को पिछली कक्षा की दक्षताएँ भलि–भाँति आनी चाहिए।

''प्रोजेक्ट उड़ान'' में परिवेश अध्ययन के विषय पर विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई उपचारत्मक शिक्षण सामग्री का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को पिछली कक्षा की दक्षताओं के पुर्नावलोकन तथा वर्कशीट के माध्यम से अभ्यास द्वारा उन दक्षताओं को प्राप्त करना है ताकि विद्यार्थी वर्तमान कक्षा की दक्षताओं तथा शिक्षण बिंदुओं को सहजता से समझ सके एवं उन दक्षताओं को प्राप्त कर सकें। मॉडयूल के प्रयोग हेतु संबंधित जानकारी इस प्रकार है।

- इस पैकेज में दी गई सामग्री (वर्कशीट) पिछली कक्षा की दक्षताओं तथा शिक्षण बिंदुओं पर आधारित है। सभी वर्कशीट सरल से जटिल क्रम में तैयार की गई हैं।
- प्रत्येक दक्षता के लिए कुछ पूर्व ज्ञान प्रश्नों द्वारा विषयवस्तु से जोड़ने का प्रयास किया गया है।
- प्रत्येक पाठ के कार्यपत्रकों को करवाने से पूर्व उससे संबंधित चर्चा के कुछ प्रश्न टीचर मॉडयूल में सुझाए गए हैं। आप इन प्रश्नों के साथ अन्य प्रश्न बनाकर भी उनका प्रयोग करें।
- इस मॉडयूल में प्रत्येक कार्य पत्रक को दक्षता कोड के साथ मैच किया गया है। अतः इसे करवाने के बाद यह अपेक्षित है कि बच्चे उस कोड की दक्षता को हासिल कर लें।
- वर्तमान तथा पूर्व अपेक्षित दक्षताओं को पाठों के साथ मिलाया गया है। कई स्थानों पर सम्पूर्ण दक्षताओं के बजाय दक्षता के उस भाग को शामिल किया गया है जो पाठ से संबंधित हैं।
- गतिविधियों तथा कार्यपत्रकों को बच्चों से छोटे–छोटे समूह बनाकर भी करवाया जा सकता है।

क्रम संख्या	पाठ का नाम	पाठ की दक्षताएँ	पूर्व अपेक्षित दक्षताएँ	पूर्व अपेक्षित दक्षताओं पर आधारित कार्यपत्रक
1	परिवार – कल और आज	EVS403 विस्तृत कुटुंब में अपने तथा परिवार के अन्य सदस्यों के आपसी रिश्तों को पहचानते हैं। EVS404 परिवार में जन्म, विवाह, स्थानांतरण आदि से होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या करते हैं। EVS415 बुजुर्गों तथा विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों की देखभाल करते हैं।	EVS303 परिवार के सदस्यों के साथ अपने तथा उनके आपस के संबंधों को समझते हैं।	कार्यपत्रक–1 मेरा परिवार कार्यपत्रक–4 आओ खेलें खेल कार्यपत्रक–5 आओ सुलझाएँ वर्ग पहेली
			EVS306 मौखिक, लिखित व अन्य तरीकों से परिवार की भूमिका, परिवार का प्रभाव एवं साथ रहने की आवश्यकता को समझते हैं।	कार्यपत्रक–2 एकल व संयुक्त परिवार कार्यपत्रक 3 रजनी का परिवार
2	नेहा का जन्मदिन	EVS413 स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों/अनुपयोगी पदार्थों से कोलॉज, डिजाइन, मॉडल, पोस्टर, एलबम बनाते हैं। EVS414 अच्छे–बुरे स्पर्श सबंधी मुद्दों का अवलोकन करते हैं तथा इन मुददों पर अपनी बात कहते हैं। EVS415 बुजुर्गों तथा विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों की देखभाल करते हैं।	EVS307 विभिन्न संवेदी अंगों के उपयोग को पहचान कर समूह बनाते हैं।	कार्यपत्रक–2 ज्ञानेन्द्रियों का उपयोग कार्यपत्रक–3 ज्ञानेन्द्रियों की देखभाल
			EVS314 अच्छे बुरे स्पर्श पर अपनी आवाज उठाते हैं	कार्यपत्रक–1 अच्छा व बुरा स्पर्श
			EVS315 विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हैं	कार्यपत्रक–2 ज्ञानेन्द्रियों का उपयोग
3	मस्ती की रेल, मेरे ये खेल	EVS408 लक्षणों के आधार पर समूहों में बाँटते हैं।	EVS304 अपने घर, विद्यालय तथा आस–पास की गतिविधियाँ को पहचानते हैं।	कार्यपत्रक–1 खेलों की पहचान

क्रम संख्या	पाठ का नाम	पाठ की दक्षताएँ	पूर्व दक्षताएँ	पूर्व अपेक्षित दक्षताओं पर आधारित कार्यपत्रक
		EVS410 वस्तुओं, गतिविधियों, के अवलोकनों / अनुभवों / सूचनाओं को विविध तरीकों से रिकार्ड करते हैं तथा गतिविधियों, नक्शों, परिघटनाओं में विभिन्न पैटर्न का अनुमान लगाते हैं। EVS414 खेलों में रुढ़िबद्ध सोच सबंधी मुद्दों का अवलोकन करते हैं तथा इन मुददों पर अपनी बात कहते हैं।		कार्यपत्रक–3 बूझो तो जानें
			EVS308 वर्तमान और पहले के खेलों में अंतर करते हैं।	कार्यपत्रक–2 चित्र पर बातचीत कार्यपत्रक–4 आओ परखें क्या सीखा
			EVS313 स्थानीय भीतर और बाहर खेले जाने वाले खेलों के नियम का अवलोकन करते हैं।	कार्यपत्रक–2 चित्र पर बातचीत कार्यपत्रक–4 आओ परखें क्या सीखा
			EVS314 जैंडर के संदर्भ में खेल में रूढिवादिताओं पर अपनी आवाज़ उठाते हैं।	कार्यपत्रक–2 चित्र पर बातचीत कार्यपत्रक–4 आओ परखें क्या सीखा
4	बडे मददगार, हमारे कामगार	EVS405 दैनिक जीवन के विभिन्न कौशलयुक्त कार्यों जैसे– खेती, भवन निर्माण, कला / शिल्प आदि का वर्णन करते हैं। EVS406 दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं, जैसे–भोजन, जल, वस्त्र के उत्पादन तथा उनकी उपलब्धता की प्रक्रिया का वर्णन करते हैं। EVS415 विभिन्न सजीवों (बुजुर्गों तथा विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों), संसाधनों (भोजन, जल तथा सार्वजनिक संपत्ति) की देखभाल करते हैं।	EVS304 अपने घर, विद्यालय के आस–पास की गतिविधियाँ तथा लोगों के कार्यों को पहचानते हैं।	कार्यपत्रक–1 काम अपने–अपने कार्यपत्रक–2 मुझे पहचानो कार्यपत्रक–3 किससे करें काम?
			EVS306 मौखिक, लिखित व अन्य तरीकों से कार्य के संदर्भ में सदस्यों की भूमिका का वर्णन करते हैं।	कार्यपत्रक–1 काम अपने–अपने कार्यपत्रक–3 किससे करें काम?

पाठ 1 परिवार – कल और आज

1. **पाठ का मुख्य उद्देश्य**

   इस पाठ का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे अपने परिवारों में आने वाले परिवर्तनों के विभिन्न कारणों को समझें व उन्हें सहजता से स्वीकारें। इन कारणों का विश्लेषण करना भी आवश्यक है ताकि बच्चों में विभिन्न कौशलों को विकास हो सके। इस पाठ को पढ़ने से पहले बच्चों में कक्षा–3 के स्तर की संबंधित अधिगम दक्षताएँ विकसित होनी चाहिए।

2. **पूर्व अपेक्षित दक्षताएँ–**

   EVS 303 परिवार के सदस्यों के साथ अपने तथा उनके आपस के संबंधों को समझते हैं।

   EVS 306 मौखिक, लिखित व अन्य तरीकों से परिवार की भूमिका, परिवार का प्रभाव एवं साथ रहने की आवश्यकता को समझते हैं।

3. **कक्षा–3 की इन दक्षताओं से जुड़े सीखने के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार से हैं–**
   - परिवार क्या है?
   - परिवार के प्रकार
   - परिवारों में विविधता
   - परिवार के सदस्यों के साथ व उनका आपस में संबंध

4. **पूर्व आकलन हेतु प्रश्न**

   इन दक्षताओं के पूर्व आकलन हेतु निम्न प्रश्न पूछे जा सकते हैं–
   - आपके परिवार में कौन–कौन हैं?
   - आपके परिवार में कुल कितने सदस्य हैं?
   - परिवार में मिल–जुलकर प्यार से रहना कैसा लगता है?
   - क्या पशु–पक्षियों के भी परिवार होते हैं?
   - वे अपने बच्चों का ध्यान कैसे रखते हैं?

   इसी तरह के अन्य प्रश्न भी बच्चों से पूछे जा सकते हैं। बच्चों के द्वारा दिए गए उत्तरों से अध्यापक को बच्चों के समझ का स्तर का पता चल जाएगा।

   बच्चों द्वारा दिए गए सही उत्तरों को विस्तार से समझाते हुए परिवार व परिवार के प्रकार की अवधारणा को स्पष्ट करें।

5. कक्षा–3 की दक्षताओं के सुधार हेतु निम्न गतिविधियाँ तथा कार्यपुस्तिका में दिए गए कार्यपत्रकों को करवाएँ। गतिविधियों को करने में बच्चों को अवश्य आनंद आएगा। साथ ही पाठ संबंधी अधिगम उपलब्धियों को भी हासिल करने मे सहायता मिलेगी।

कार्यपत्रक - 1 (मेरा परिवार) दक्षता कोड - EVS 303

कार्यपुस्तिका में दिए गए पाठ 1 के कार्यपत्रक–1 को करने के लिए बच्चो को अभिव्यक्ति के खुले अवसर दें। जिस तरीके से वे अपने परिवार को दर्शाना चाहते हैं, चित्र बनाकर व फोटो द्वारा या किसी अन्य तरीके से, उन्हें पूर्ण स्वतंत्रता दें। इसके पश्चात् कक्षा गतिविधि करवाएँ।

अध्यापक पहले अपने परिवार के विषय में बच्चों को बताएँ। बच्चों को अपने अध्यापक के बारे में जानने का अवसर मिलेगा तथा बच्चों की झिझक भी कम हो जाएगी। अब बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने द्वारा बनाए गए परिवार के चित्र की सहायता से अपने परिवार के बारे में बताएँ। बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति में से अध्यापक परिवार व रिश्तों से संबंधित कुछ शब्द श्यामपट्ट पर लिखते जाएँ।



इन शब्दों पर चर्चा करते हुए बच्चों में परिवार की अवधारणा को स्पष्ट करें। परिवारों में विविधता की तरफ बच्चों का ध्यान आकर्षित करें।

नोटः कक्षा में सबके परिवारों की परिस्थितियाँ अलग–अलग होती है। इस चर्चा को संवेदनशीलता से करें ताकि बच्चे अपने अनुभव बताने में संकोच ना करें।

कार्यपत्रक - 2 व 3 (एकल व संयुक्त परिवार, रजनी का परिवार)

दक्षता कोड - **EVS 304, 306**

- चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कार्यपत्रक–2 के प्रश्न 1 के चित्रों की सहायता से बच्चों में एकल व संयुक्त परिवार की अवधारणा को स्पष्ट करें। चित्रों की तुलना करवाएँ और उनमें अंतर ढूँढने को कहें।
- इन्हीं चित्रों के माध्यम से परिवार में संबंधो के विषय में भी चर्चा करें।
- तत्पश्चात् कार्यपत्रक–2 व 3 पूरा करवाएँ।

  इस गतिविधि से बच्चों के अवलोकन व तुलना करने के कौशल का विकास होगा।

कार्यपत्रक - 4 (आओ खेलें खेल) व 5 (आओ सुलझाएं वर्ग पहेली)

दक्षता कोड - **EVS 306**

इस आयु वर्ग के बच्चो को खेलों मे बहुत रुचि होती है। यहाँ पर खेलों के माध्यम से बच्चों के विभिन्न कौशलों का विकास अपेक्षित है। साथ ही खेलों को पाठ की अधिगम उपलब्धियों के साथ जोड़ा गया है। वर्ग पहेली में विभिन्न रिश्तों के नाम बोलकर बच्चों के परिवार के संदर्भ में इन पर चर्चा करें।

पाठ 2 नेहा का जन्मदिन

1. **पाठ का मुख्य उद्देश्य**

   इस पाठ का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील बनें तथा उनके प्रति सराहना का भाव रखें। यह भी अपेक्षित है कि वे अच्छे–बुरे स्पर्श की पहचान कर सकें। ज्ञानेन्द्रियों के उपयोग व रख–रखाव की समझ को भी विकसित करना है। पाठ से जुड़ी अपेक्षाओं का अधिगम तब संभव होगा जब इस पाठ से जुड़ी पूर्व अपेक्षित दक्षताओं पर बच्चों की समझ बनी हो।

2. **पूर्व अपेक्षित दक्षताएँ**
   - EVS 307 विभिन्न संवेदी अंगों के उपयोग को पहचान कर समूह बनाते हैं।
   - EVS 314 अच्छे बुरे स्पर्श पर अपनी आवाज उठाते हैं।
   - EVS 315 विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हैं।

3. **कक्षा–3 की उपरोक्त दक्षताओं से जुड़े सीखने के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार से हैं–**
   - अच्छे–बुरे स्पर्श (Good Touch and Bad touch) की पहचान।
   - ज्ञानेन्द्रियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की व्याख्या।
   - ज्ञानेन्द्रियों की देखभाल।

4. इन दक्षताओं के पूर्व आकलन हेतु बच्चों से कुछ प्रश्न पूछे व चर्चा करें। आप दिए गए प्रश्नों कर प्रयोग कर सकते हैं तथा अन्य प्रश्न भी पूछ सकते हैं।

– आपके माँ–पिताजी तथा अध्यापक जब आपको आर्शीवाद देते हैं तो कैसा लगता है?

– खेल के दौरान आपके मित्र आपको छूते हैं तो कैसा लगता है?

– कक्षा के बच्चों के साथ जब हाथ पकड़कर खेलने के लिए गोल दायरा बनाते हो तो कैसा लगता है?

– यदि कोई अंजान व्यक्ति आपको अपने पास बुलाए तो क्या आप जाओगे?

– यदि आपको किसी का छूना अच्छा न लगे तो सबसे पहले किसे बताओगे?

5. कक्षा–3 की दक्षताओं के सुधार हेतु खेल व चर्चा आधारित गतिविधियाँ तथा कार्यपुस्तिका में दिए गए कार्यपत्रकों को करवाएँ। गतिविधियों द्वारा पाठ संबंधी अधिगम उपलब्धियों को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

कार्यपत्रक - 1 (अच्छा व बुरा स्पर्श) दक्षता कोड - EVS 314

बच्चों में अच्छे व बुरे स्पर्श की समझ बनाने के लिए पहले उनसे पूर्व आकलन में पूछे गए प्रश्नों पर चर्चा करें। बच्चो को खुलकर अपनी बात कहने के लिए प्रेरित करें।

इस विषय को कक्षा में विवेक व संवेदनशीलता से करवाएँ। चर्चा के पश्चात् बच्चों को कार्यपत्रक–1 भरने का कहें। चित्रों का अवलोकन करवाएँ तथा चित्रों पर बातचीत द्वारा बच्चों की स्पर्श संबंधी समझ बनाएँ। उन्हें यह भी बताएँ कि यदि उन्हें किसी का छूना अच्छा न लगे तो एकदम वहाँ से चले जाएँ तथा अपने माँ–पिताजी या अध्यापक अथवा दादा–दादी को बताएँ।

कार्यपत्रक - 2 (ज्ञानेन्द्रियों का उपयोग) दक्षता कोड - EVS 307, EVS315

कार्यपत्रक करवाने से पूर्व बच्चों से निम्न प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

- रसोईघर में बिना गए आपको कैसे पता चलता है कि माँ ने हलवा बनाया है?
- खुशबू से और क्या–क्या पहचान सकते हो?
- अपने आस–पास की चीजों को कैसे पहचानते हो?
- आपको गर्म–ठण्डा कैसे महसूस होता है?
- आपकी आँखों पर पट्टी बाँधने के बाद आप किसी वस्तु को कैसे पहचानोगे?

इस प्रकार के अन्य प्रश्नों पर चर्चा करते हुए बच्चों को ज्ञानेन्द्रियों के विषय में बताएँ। इसके पश्चात् कार्यपत्रक–2 में दी गई तालिका को छोटे–छोटे समूह में बच्चों से भरवाएँ। ज्ञानेन्द्रियों के चित्र भी बच्चों से बनवाएँ।

कार्यपत्रक - 3 ज्ञानेन्द्रियों की देखभाल दक्षता कोड - EVS 307

ज्ञानेन्द्रियों की देखभाल से संबंधित बच्चों की समझ बनाएँ। उन्हें अपने अनुभव सांझा करने के अवसर दें कि वे किस प्रकार अपनी आँख, नाक, कान आदि की स्वच्छता का ध्यान रखते हैं। उनके बड़े ज्ञानेन्द्रियों की देखभाल के लिए बच्चों को क्या–क्या समझाते हैं। इसके पश्चात् कार्यपत्रक–3 पूरा करने को कहें, इसे पूरा करने में बच्चे अपने बड़ों की सहायता भी ले सकते हैं।

पाठ 3 मस्ती की रेल, मेरे ये खेल

1. **पाठ का मुख्य उद्देश्य**
   इस पाठ का मुख्य उद्देश्य है कि हर बच्चे को अपने स्वास्थ्य के लिए खेल, योग तथा संतुलित आहार पर ध्यान देना आवश्यक है। इस पाठ से अपेक्षित है कि खेलों मे लिंग, जाति, वर्ग संबंधी भेदों को मिटाया जाए। इस पाठ की समझ बनाने से पहले बच्चो में कक्षा–3 से जुड़ी नीचे दी गई पूर्व अपेक्षित दक्षताओं का विकास करना है।
2. **पूर्व अपेक्षित दक्षताएँ**
   - EVS 304 अपने घर, विद्यालय के आस–पास की गतिविधियाँ को पहचानते हैं।
   - EVS 308 वर्तमान और पहले के खेलों में अंतर करते हैं।
   - EVS 313 स्थानीय भीतर और बाहर खेले जाने वाले खेलों के नियम का अवलोकन करते हैं।
   - EVS 314 जैंडर के संदर्भ में खेल में रूढिवादिताओं पर अपनी आवाज़ उठाते हैं।
3. **इन पूर्व अपेक्षित दक्षताओं पर आधारित सीखने के बिन्दु हैं –**
   - खेलों की पहचान व उनका वर्गीकरण।
   - खेलों के माध्यम से सहभागिता, सहयोग तथा खेल की भावना का विकास।
4. **पूर्व आकलन हेतु प्रश्न**
   - क्या आपने कभी स्वयं कोई खेल बनाए हैं?
   - आप खेल के कौन–से नियम बनाते हो?
   - खेलने के लिए क्या–क्या आवश्यक है? (सम्भवतः बच्चे कहेंगे–खिलाड़ी, मैदान, खेल का समान आदि।)
   - तुमने किन खिलाड़ियों की टीमें अधिक देखी हैं– महिलाओं की या पुरुषों की?
   - खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?
5. कक्षा–3 की दक्षताओं के सुधार हेतु निम्न गतिविधियाँ तथा कार्यपुस्तिका में दिए गए कार्यपत्रकों को करवाएँ। इन गतिविधियों द्वारा पाठ संबंधी अधिगम उपलब्धियों को हासिल करने मे सहायता मिलेगी।

कार्यपत्रक - 1 खेलों की पहचान — दक्षता कोड - EVS 304

खेल पर आधारित प्रश्नों के पश्चात् बच्चों को कार्यपत्रक–1 करने को कहें। बच्चे चित्रों को देखकर खेलों के नाम पहचान कर लिखें। दो–दो के समूह में एक दूसरे के उत्तर की जाँच करें और आवश्यकता हो तो गलत उत्तर का सुधार करें। आप कार्यपत्रक में दी गई खेलों की सूची को और आगे बढ़ाएँ और श्यामपट्ट पर लिखते जाएँ। इस सूची के खेलों के विभिन्न समूह बनाएँ, जैसे– अन्दर–बाहर खेले जाने वाले खेल, छोटे व बड़े समूह में खेले जाने वाले खेल इत्यादि। इससे बच्चों को अवलोकन, तर्क करने व वर्गीकृत करने के कौशलों को विकास करने के लिए अवसर मिलेंगें।

कार्यपत्रक - 2 चित्र पर बातचीत — दक्षता कोड - EVS 308, EVS313, EVS314

कार्यपत्रक–2 में दिए गए चित्र का अवलोकन करवाएँ। चित्र पर चर्चा द्वारा विभिन्न कौशलों जैसे अवलोकन करना, तर्क करना, संबंध जोड़ना, अनुमान लगाना इत्यादि के विकास के लिए बच्चों से प्रश्न पूछें। अब बच्चों को चित्र पर आधारित प्रश्न बनाने व पूछने को कहें। इससे उनकी प्रश्न करने की क्षमता का विकास होगा। इसके पश्चात् उन्हें कार्यपत्रक मे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहें।

कार्यपत्रक - 3 बूझो तो जानें दक्षता कोड - EVS 304

इस आयु वर्ग के बच्चों को पहेलियाँ हल करना अच्छा लगता है। उन्हें कार्यपत्रक में दी गई पहेलियाँ हल करने में मदद करें। यदि आवश्यक हो तो संकेत भी दें। बच्चों को और पहेलियाँ बनाने व पूछने का अवसर दें।

कार्यपत्रक - 4 आओ परखें क्या सीखा दक्षता कोड - EVS 308, EVS313, EVS314

इस कार्यपत्रक को करवाने से पूर्व बच्चों को निम्न गतिविधि करवाएँ –

चार से पांच के समूह मे बच्चे किसी एक खेल के विषय में जानकारी एकत्रित करें। इसके लिए वे अपने बड़ों, की अथवा इंटरनैट आदि की सहायता ले सकते हैं। कक्षा में सभी समूह खेल पर आधारित अपनी–अपनी प्रस्तुति दें।

- खेल का नाम।
- कैसे खेलते हैं।
- खेल के नियम
- खेल संबंधी प्रसिद्ध खिलाड़ी
- आवश्यक खेल सामग्री
- खेल प्रतियोगिताएँ

इन प्रस्तुतियों से हासिल की गई जानकारी के आधार पर बच्चों को कार्यपत्रक–4 पूरा करने का कहें।

बच्चों में कल्पना शक्ति के विकास हेतु सुझाव।

अनोखा खेल : बच्चों में रुचि बनाने के लिए व कल्पना शक्ति के विकास के लिए पूछें– ''यदि तुम्हारे पास गेंद नहीं है, न मैदान और न पूरे खिलाड़ी और तुम्हारा मन फुटबॉल खेलने के लिए कर रहा है तो क्या करोगे।

आओ, बनाएँ एक मज़ेदार खेल

पुराने कपड़ों को जोड़ व मरोड़ कर एक छोटी–सी गोली गेंद की तरह बना लो।
फर्श पर चॉक से कोर्ट बनाओ।
पैरों की जगह केवल अनामिका उंगली का प्रयोग होगा।
अब इस खेल के लिए अपने नए नियम बनाओ। जैसे– खिलाड़ियों की संख्या–दो/चार।
गोल का स्थान, मेज़ से उँगली उठाने पर और किसी उँगली के प्रयोग पर फाउल आदि।
अब अपने मित्र के साथ इस खेल का खेलो और कोई प्यारा सा नाम भी दो।
तुमने क्या–क्या नियम सोचे उन्हें लिखो भी।
क्या यह भी सोचा कि झगड़ा हो गया तो क्या करोगे?

इस प्रकार की परिस्थितियाँ बच्चों को दें। उन्हें सोचने व कल्पना करने का मौका मिलेगा। Creative thinking हेतु इस प्रकार की गतिविधियाँ सहायक होती हैं।

पाठ 4 बड़े मददगार, हमारे कामगार

1. **पाठ का मुख्य उद्देश्य**

   इस पाठ का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे अपने परिवेश में होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यों की पहचान कर सकें। यह समझ बनाना भी अपेक्षित है कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता और हम अपने विभिन्न कार्यों के लिए अपने कामगारों पर निर्भर हैं। इस पाठ से जुड़ी दक्षता को सीखने के लिए कक्षा–3 की निम्न दक्षताएँ सीखना आवश्यक है।

2. **पूर्व अपेक्षित दक्षताएँ**
   - EVS 304 अपने घर, विद्यालय के आस–पास की गतिविधियाँ तथा लोगों के कार्यों को पहचानते हैं।
   - EVS 306 मौखिक, लिखित व अन्य तरीकों से कार्य के संदर्भ में सदस्यों की भूमिका का वर्णन करते हैं।

3. **इन पूर्व अपेक्षित दक्षताओं पर आधारित सीखने के बिन्दु हैं –**
   - बच्चों के परिवेश में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की पहचान।
   - कामगारों की पहचान।
   - विभिन्न कार्यों के महत्त्व को समझना।
   - काम के संदर्भ में लिंग–भेद से मुक्त सोच का विकास।

4. **पूर्व आकलन हेतु प्रश्न**
   - आपके परिवार में कितने सदस्य हैं?
   - क्या आप छोटे से बड़े के क्रम में उनके नाम लिख सकते हैं?
   - कितने सदस्य पढ़ाई करते है? कितने सदस्य छोटे बच्चे हैं जो स्कूल/कॉलेज नहीं जाते और कितने सदस्य काम पर जाते हैं?
   - क्या परिवार की महिला सदस्य भी काम पर जाती हैं?
   - आपके परिवार के सदस्य क्या–क्या काम करते हैं?

नोटः इस चर्चा को विस्तार से करवाएँ सभी बच्चों को बोलने के लिए प्रोत्साहित करें तथा निम्न बिन्दुओं को स्पष्टता से समझाएँ –
   - व्यवसाय तथा काम में अंतर
   - घर के कार्यों की महत्ता।
   - मिलजुल कर घर के कामों को करने की समझ।

5. कक्षा–3 की दक्षताओं के सुधार हेतु निम्न गतिविधियाँ तथा कार्यपुस्तिका में दिए गए कार्यपत्रकों को करवाएँ। गतिविधियों द्वारा पाठ संबंधी अधिगम उपलब्धियों को हासिल करने मे सहायता मिलेगी।

कार्यपत्रक - 1 काम अपने-अपने दक्षता कोड - EVS 304, EVS306

पूर्व आकलन के पश्चात् बच्चों को कार्यपत्रक–1 करने को कहें। बच्चे चित्र को ध्यान से देखें और पहचानने की कोशिश करें कि कौन–कौन से कार्य किए जा रहे हैं। बच्चों को चित्र पर आधारित प्रश्न बनाने के लिए भी कहें। चित्रावलोकन द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों से भी बच्चों को परिचित करवाएँ जैसे– राजमिस्त्री, दुकानदार, सफाई कर्मी आदि।

कार्यपत्रक - 2 किसका क्या काम ? दक्षता कोड - EVS 304

पिछली गतिविधि को विस्तार देते हुए विभिन्न व्यवसाय के लोगों द्वारा किए जाने वाले कार्यों व उनके कार्य करने के स्थान पर चर्चा करें। इससे संबंधित तालिका श्यामपट्ट पर बनाएँ।

व्यवसाय	क्या करते हैं	काम करने का स्थान
दुकानदार	सामान बेचना	दुकान, बाजार
अध्यापक	पढ़ाना	स्कूल, कॉलेज
दर्जी	कपड़े सीलना	दुकान
माली	पौधों की देखभाल	नर्सरी, पार्क
डॉक्टर	मरीजों की देखभाल	अस्पताल

इसके पश्चात् बच्चों का कार्यपत्रक–2 करने को कहें। आप बच्चों के परिवेश से अन्य कामगारों के उदाहरण लेकर भी समझा सकते हैं।

कार्यपत्रक - 3 किससे करें काम ? दक्षता कोड - EVS 304

अध्यापक बच्चों के माता–पिता/अभिभावकों के व्यवसायों के अनुसार बच्चों से उनके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले औजारों के बारे में बतायें और निम्न प्रश्न पूछें–

- आपके पिताजी काम के लिए किन–किन औजारों का प्रयोग करते हैं?
- आपकी माताजी अपने दैनिक कार्यों में किन–किन उपकरणों की सहायता लेती हैं?
- आप अपने कार्य में किन–किन वस्तुओं का प्रयोग करते हैं?

बच्चों द्वारा बताए गए औजारों को अध्यापक श्यामपट्ट पर लिखते रहें। सभी बच्चों को औजारों के नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें।

स्कूल में उपलब्ध औजारों जैसे कस्सी, प्लास, पेचकस, खुरपी, टैस्टर, तसला आदि का प्रयोग करके बच्चों को दिखाएँ।

अध्यापक बच्चों से विभिन्न व्यवसायों का अभिनय करवाएँ। बच्चों को समूह में बाँटकर डॉक्टर, राजमिस्त्री, दर्जी, नाई, मास्टर का अभिनय करने के लिए प्रेरित करें।

दक्षताओं की सूची

Competency Code	Description
ENG211	Students can name and use familiar vocabulary from their textbooks and environment. e.g., festivals, days of the week, months of the year, means of transport, games, parts of the body, action words, colours, professions, kitchen objects, shapes, vegetables, etc.
ENG304	Students can read, speak and understand simple sentences with the help of pictures, CVC (consonant vowel consonant) words and sight words such as this, that etc.
ENG305	Students can answer questions based on grade 3 appropriate passage in one or two sentences
ENG309	Students can write 3-5 simple sentences on given topics/ pictures using vocabulary learnt with appropriate sentence structure/s
ENG310	Students can learn new vocabulary from the environment /stories /poems and use them in context orally or in one or two written sentences
ENG312	Students can identify and appropriately use collective nouns, pronouns, prepositions of place and simple past tense and simple present tense
HIN201	विद्यार्थी 5–7 पंक्तियों की कविता/बालगीत/पहेलियों को सुनकर लय के साथ दोहरा सकते हैं और स्वयं भी कविता सुना सकते हैं।
HIN202	विद्यार्थी 7–8 पंक्तियों की छोटी कहानी को सुनकर समझ सकते हैं और उसे घर की भाषा एवं हिन्दी में अपने शब्दों में बता सकते हैं।
HIN203	विद्यार्थी सुनी गई कहानी–कविता, चित्र, परिवेश आधारित सरल प्रश्नों के जवाब घर की भाषा व् हिन्दी में दे सकते हैं। (तथ्यात्मक प्रश्न, निष्कर्षात्मक/तर्क वाले प्रश्न एवं कल्पना आधारित प्रश्न आदि)।
HIN301	विद्यार्थी एक से अधिक घटनाक्रम एवं पात्रों वाली कहानी सुनकर प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं और उसे अपने शब्दों में बता सकते हैं।
HIN302	विद्यार्थी कहानी/कविता/सुनी गई बात के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं, प्रतिक्रिया दे सकते हैं और अपनी कल्पना तथा नई शब्दावली का प्रयोग करते हुए उसे आगे बढ़ा सकते हैं।
HIN313	विद्यार्थी मिलते–जुलते शब्द, विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, देशज शब्द, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द के प्रयोग को समझ सकते हैं तथा इनका प्रयोग कर सकते हैं।
MAT202	विद्यार्थी आकृतियों को उनके स्थानीय नामों से पहचान सकते हैं।
MAT210	विद्यार्थी कम–ज्यादा, दूर–पास, हल्का–भारी, बड़ा–छोटा जैसे शब्दों के प्रयोग द्वारा लम्बाई, धारिता तथा वजन का अनुमान लगा सकते हैं।
MAT302	विद्यार्थी दोहराव व् बिना दोहराव वाले सामान्य पैटर्न को अर्ध–ठोस व ठोस प्रतीकों की मदद से पहचान सकते हैं व् आगे बढा सकते हैं।
MAT303	विद्यार्थी स्थानीय मान की सहायता से संख्याओं को पढ़ ,लिख सकते हैं, तुलना कर सकते हैं तथा बढ़ाने घटाने के क्रम में लगा सकते हैं।
MAT304	विद्यार्थी तीन अंकीय संख्याओं को विविध द्वारा हासिल के साथ जोड़ व् घटा सकते हैं।
MAT305	विद्यार्थी दैनिक जीवन में आनें वाली जोड़ व् घटा से संबधित समस्याओं को हल कर सकते हैं। (एक बार में एक अवधारणा)
MAT307	विद्यार्थी दो अंकीय संख्याओं को एक अंकीय संख्या से गुणा कर सकते हैं। (शुरूआत में बार–बार जोड़ के रूप में व् फिर 10 तक के पहाडों की मदद से)
MAT310	विद्यार्थी घड़ी का उपयोग करते हुए घंटों में समय की गणना कर सकते हैं। (12 घंटे वाली घड़ी)
MAT311	विद्यार्थी कैलेंडर का प्रयो्ग करते हुए घटनाओं के घटित होने के क्रम को घंटो, दिनों व महीनों के क्रम में पहचान सकते हैं।
MAT312	विद्यार्थी कैलेंडर की सहायता से तारीख को पढ व लिख सकते हैं तथा घटनाओं के अन्तराल की गणना कर सकते हैं।
EVS303	परिवार के सदस्यों के साथ अपने तथा उनके आपस के संबंधों को समझते हैं।
EVS304	अपने घर/विद्यालय/आस पास की वस्तुओं, संकेतों (बर्तन, चूल्हे, यातायात, सम्प्रेक्षण के साधन साइनबोर्ड आदि), स्थानों, (विभिन्न प्रकार के घर/आश्रय, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि), गतिविधियों (लोगों के कार्यों, खाना बनाने की प्रक्रिया आदि) को पहचानते हैं।
EVS306	मौखिक/लिखित/अन्य तरीकों से परिवार के सदस्यों की भूमिका, परिवार का प्रभाव (गुणों/लक्षणों/आदतों/व्यवहार) एवं साथ रहने की आवश्यकता का वर्णन करते हैं।
EVS307	समानताओं/असमानताओं (जैसे रंग–रूप/रहने के स्थान/भोजन/आवागमन/पसंद–नापसंद/किसी अन्य लक्षण) के अनुसार वस्तुओं, पक्षियों, जंतुओं, लक्षणों, गतिविधियों का विभिन्न संवेदी अंगों के उपयोग द्वारा पहचान कर उनके समूह बनाते हैं।
EVS308	वर्तमान और पहले की (बड़ों के समय की) वस्तुओं और गतिविधियों (जैसे कपड़ेध्बर्तनध् खेलोंध्लोगों द्वारा किए जाने वाले कार्यों) में अंतर करते हैं।
EVS313	स्थानीय, भीतर और बाहर खेले जाने वाले खेलों के नियम तथा सामूहिक कार्यों का अवलोकन करते हैं।
EVS314	अच्छे–बुरे स्पर्श, जेंडर के संदर्भ में परिवार में कार्यध्खेलध्भोजन के संबंध में रूढिवादिताओ पर, परिवार तथा विद्यालय में भोजन तथा पानी के दुरुपयोग/अपव्यय पर अपनी आवाज उठाते हैं।

मूल्यांकन सूची

Competencies	ENG211	ENG304	ENG305	ENG309	ENG310	ENG312	HIN201	HIN202	HIN203	HIN301	HIN302	HIN313	MAT202	MAT210	MAT302	MAT303	MAT304	MAT305	MAT307	MAT310	MAT311	MAT312	EVS303	EVS304	EVS306	EVS307	EVS308	EVS313	EVS314
Write student name																													
Student 1																													
Student 2																													
Student 3																													
Student 4																													
Student 5																													
Student 6																													
Student 7																													
Student 8																													
Student 9																													
Student 10																													
Student 11																													
Student 12																													
Student 13																													
Student 14																													
Student 15																													
Student 16																													
Student 17																													
Student 18																													
Student 19																													
Student 20																													
Student 21																													
Student 22																													
Student 23																													
Student 24																													
Student 25																													
Student 26																													
Student 27																													
Student 28																													
Student 29																													
Student 30																													